रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 15 अगस्त 2022 पृष्ठ-12+8 वर्ष-06, अंक- 354 मूल्य 3.00 ₹

## अवकाश एवं शुभकामना संदेश

स्वतंत्रता दिवस की पायनियर परिवार की ओर से सभी सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं व शुभचिंतकों को हार्दिक बधाई व शुभकानाएं। इस अवसर पर पायनियर समाचार पत्र के कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक आपको 17 अगस्त को प्राप्त होगा।

-संपादक, पायनियर

## क्विक न्यूज़

### चर्च में आग लगने से 35 लोगों की मौत, 45 घायल

**काहिरा।** मिस्र के गीजा शहर में गिरजाघर में आग लगने से 35 लोगों की मौत हो गयी और 45 अन्य घायल हो गये। स्थानीय मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक गीजा शहर के इम्बाबा इलाके में स्थित चर्च में आज 5,000 उपासक मौजूद थे। इसी दौरान चर्च में आग लग जाने से वहां भगदड़ मच गयी। हादसे में 35 लोगों की मौत् हो गयी जबकि 45 अन्य घायल हुए हैं।

### नहीं रहे दिग्गज निवेशक राकेश झुनझुनवाला

**मुंबई।** अरबपति निवेशक राकेश झुनझुनवाला का रविवार की सुबह यहां ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। वह 62 साल के थे। झुनझुनवाला के परिवार में पत्नी, दो पुत्र और एक पुत्री है। वह गुर्दे की बीमारी और कोरोनरी धमनी रोग से पीड़ित थे। उन्हें आज सुबह 06.45 बजे अस्पताल में लाया गया। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि झुनझुनवाला की मौत हृदयघात की वजह से हुई। उन्हें जब अस्पताल लाया गया था, तब उनमें जान नहीं थी।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बीते कुछ दिनों से कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे रहने बावजूद देश में रविवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया। देश में करीब दो माह से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में स्थिरता होने से आम आदमी के लिए राहत बनी हुयी है। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में आज पेट्रोल के दाम 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 89.7 करोड़ डॉलर घटकर 572.97 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 05 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 89.7 करोड़ डॉलर कम होकर 572.97 अरब डॉलर पर आ गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 2.32 अरब डॉलर बढ़कर 573.9 अरब डॉलर पर रहा था।

# राज्यपाल उइके व मुख्यमंत्री बघेल ने स्वतंत्रता दिवस पर दी बधाई

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल अनुसुईया उइके ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों सहित पूरे देशवासियों, सेना के जवानों और स्वतंत्रता सेनानियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राज्यपाल उइके ने अपने संदेश में कहा है कि 15 अगस्त 1947 को हमारा देश सदियों की गुलामी से मुक्त हुआ था और हमने स्वतंत्रता की ताजी हवा में सांस ली थी। अनेक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और अनगिनत वीरांगनाओं के समर्पण, त्याग और बलिदान से हमारे देश को परतंत्रता की जंजीरों से आजादी मिली। मैं इस अवसर पर उन समस्त महापुरूषों और वीरांगनाओं को नमन करती हूं। राज्यपाल ने कहा कि आजादी के आंदोलन में अपना योगदान देने वाले आदिवासी वीरों के योगदान को भी भुलाया नहीं जा सकता। स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ के वीर गुण्डाधुर, वीर गेंदसिंह और शहीद वीरनारायण सिंह जैसे जनजातीय वीरों के नेतृत्व में कई सफल जनजाति विद्रोह हुए। इन विद्रोहों ने अंग्रेजी शासन को हिलाकर रख दिया था। मैं उन सभी आदिवासी नायकों को भी नमन करती हूं। इस आजादी को कायम रखने के लिए हमारी सेना के वीर जवानों और पुलिस कर्मियों ने भी अपनी शहादत दी है। मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं और नमन करती हूं। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस समय हम देश की आजादी के 75वें वर्ष को अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे हैं। इस अवसर पर समस्त देश एवं प्रदेशवासियों से आग्रह है कि आजादी के समस्त नायकों को याद करते हुए उनसे प्रेरणा लें। हम सभी आजादी के इस पावन पर्व पर देश को विघटनकारी और असामाजिक तत्वों से मुक्ति दिलाने का संकल्प लें। मैं युवा पीढ़ी से आह्वान करती हूं कि भारत की एकता और अखण्डता को मजबूत करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभायें और राष्ट्र की प्रगति में भागीदार बनें। वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देश की आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।





स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में उन्होंने कहा है कि इस साल भारत को आजादी मिले 75 साल पूरे हो रहे हैं। इस खुशी में पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। हजारों लोगों के कठिन संघर्ष, त्याग और बलिदान से हमें यह अमूल्य आजादी मिली है। अलग-अलग जाति, धर्म, खान-पान, बोली-भाषा और भौगोलिक विविधता वाले भारत की आजादी के बाद उसके स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में सफल होने की आशंका जताई गई थी। लेकिन अनेक चुनौतियों के बावजूद आज भारत पूरे विश्व में सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सभी अनाम योद्धाओं, शहीदों और वीर जवानों को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि जिनके बलबूते आज हम आजाद वातावरण में सांस ले रहे हैं, उन्हें याद कर मन सम्मान और गर्व से भर जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पुरखों ने आजादी के बाद जिस लोकतंत्रात्मक गणराज्य का सपना देखा था, उसे पूरा करना हम सब की जिम्मेदारी है। इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए राज्य सरकार गांधीवादी सोच के साथ 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार की प्राथमिकता समाज के सबसे कमजोर वर्ग को सशक्त बनाने, गांवों को मजबूत करने और हर व्यक्ति तक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की है। बुनियादी स्तर पर गांवों को मजबूत करने के लिए किसानों और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की पहल की गई है। इसके लिए सुराजी गांव योजना, 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना', गोधन न्याय योजना, गौ-मूत्र खरीदी, भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना जैसी कई लोक हितैषी योजनाएं शुरू की गई हैं।

## मुख्यमंत्री बघेल रायपुर में करेंगे ध्वजारोहण

प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। अन्य जिला मुख्यालयों में मंत्रीगण और संसदीय सचिव राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। इसी तरह स्वास्थ्य मंत्री टी. एस. सिंहदेव सरगुजा, कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे दुर्ग, गृह एवं लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू बेमेतरा, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर कबीरधाम, खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत राजनांदगांव, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल कोरबा, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया बालोद, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल रायगढ़, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम सूरजपुर, उद्योग मंत्री कवासी लखमा सुकमा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार मुंगेली तथा नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया जांजगीर-चांपा में ध्वजारोहण करेंगे। इसी तरह संसदीय सचिव रेखचंद जैन बीजापुर, संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चन्द्राकर महासमुंद, संसदीय सचिव डॉ. रश्मि आशीष सिंह बिलासपुर, संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी कांकेर, संसदीय सचिव यू.डी.मिंज जशपुर, संसदीय सचिव चन्द्रदेव प्रसाद राय बलौदाबाजार, संसदीय सचिव चिंतामणी महाराज बलरामपुर, संसदीय सचिव शकुन्तला साहू धमतरी, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय गरियाबंद, संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद कोण्डागांव, संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े कोरिया, संसदीय सचिव इन्द्रशाह मण्डावी नारायणपुर, संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव बस्तर, संसदीय सचिव गुरूदयाल सिंह बंजारे दंतेवाड़ा में ध्वजारोहण करेंगे।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले दिल्ली में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

पायनियर संवाददाता ∢ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस ने सभी जिलों में सुरक्षा के कई उपाय किए हैं। सीमाओं पर वाणिज्यिक और परिवहन वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि 14 अगस्त को 22 00 बजे से अगले दिन 11.00 बजे तक वाणिज्यिक और परिवहन वाहनों की आवाजाही के लिए 18 सीमा प्रवेश द्वार बंद रहेंगे। कुछ हॉटस्पॉट और संवेदनशील इलाकों में पुलिस पूरी चौकसी बरत रही है। इसने सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखने के लिए मुख्य सड़कों, भीड़भाड़ वाले बाजार क्षेत्रों और अन्य स्थानों पर पैदल गश्त बढ़ा दी है। दिल्ली पुलिस ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि यहां फुलप्रूफ सुरक्षा के लिए 10,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त दीपेंद्र पाठक ने कहा, ÷दिल्ली पुलिस की सभी इकाइयों द्वारा केंद्रीय एजेंसियों के समन्वय से सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है और इस साल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल बल की ताकत को बढ़ाने के रूप में किया जा रहा है। पुलिस जनता से स्वतंत्रता दिवस के दौरान सुरक्षा कारणों से उड़ने वाली वस्तुओं का उपयोग नहीं करने का आग्रह कर रही है। गश्त तेज कर दी गई है और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए रणनीतिक बिंदुओं पर अतिरिक्त पिकेट तैनात किए गए हैं। पुलिस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे।

## स्वतंत्रता दिवस के लिए सुरक्षा की सारी तैयारियां पूरी : डीजीपी

वार्ता ∢ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक(डीजीपी) दिलबाग सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए सुरक्षा संबंधी सभी तैयारियां कर ली गई है।

डीजीपी ने रविवार को श्रीनगर में आयोजित तिरंगा वॉकथॉन के अवसर पर मीडिया कर्मियों को यह जानकारी देते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह को सुचारू रूप से पूरा से करने के लिए सुरक्षा के सारे इंतजाम किए गए हैं और जहां कहीं भी ड्रोंस की आवश्यकता होगी उसका उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा, सीमाओं पर बहुत कड़ी निगरानी रखी जा रही है जिससे कोई घुसपैठ न हो सके, बीच में घुसपैठ की कुछ कोशिशें की गई लेकिन सभी को नाकाम कर दिया गया।÷

डीजीपी ने कहा, सीमाओं पर स्थिति में सुधार हुआ है और पूरी तरह से नियंत्रण में है। जम्मू-कश्मीर को अस्थिर करने वाले बड़े मॉड्यूलों को निष्प्रभावी कर दिया गया है।

## कुलगाम में ग्रेनेड हमला, पुलिसकर्मी शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कुलगाम जिला के कैमोह इलाके में अज्ञात आतंकवादियों द्वारा किए गए ग्रेनेड हमले में प्रदेश पुलिस का एक जवान शहीद हो गया। प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक आतंकवादियों ने कैमोह इलाके में पुलिस दल पर एक हथगोला फेंका, जिसमें जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक जवान घायल हो गया। उन्हें इलाज के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल अनंतनाग ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गयी। शहीद सिपाही की पहचान जम्मू संभाग के पुंछ के मेंढर निवासी ताहिर खान के रूप में हुई है। पुलिस ने ट्वीट कर कहा कि कल रात कैमोह कुलगाम में ग्रेनेड फेंके जाने की सूचना मिली थी। इस आतंकवादी घटना में पुंछ के मेंढर निवासी ताहिर खान नामक पुलिसकर्मी घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए जीएमसी अस्पताल अनंतनाग ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गयी।



## रूड को हराकर मॉन्ट्रियल ओपन फाइनल में पहुंचे हरकाज

वार्ता ∢ मॉन्ट्रियल
www.dailypioneer.com

पोलैंड के आठवीं सीड खिलाड़ी ह्यूबर्ड हरकाज़ ने नेशनल बैंक ओपन में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नॉर्वे के कैस्पर रूड को हराकर फाइनल में जगह बनायी। हरकाज़ ने दो घंटे दो मिनट चले सेमीफाइनल में पहला सेट हारने के बाद दमदार वापसी की और रूड को 5-7, 6-3, 6-2 से हराकर इस हफ्ते लगातार चौथी बार तीन सेटों में जीत दर्ज की। हरकाज़ ने एटीपी मास्टर्स 1000 आयोजन के फाइनल में जगह बनाने के बाद कहा कि मैं मैच में बने रहने की कोशिश कर रहा था। कैस्पर वास्तव में अविश्वसनीय टेनिस खेल रहे थे और वह शुरुआत में बेहतर खिलाड़ी थे, खासकर पहले सेट के दौरान। मैं खेल में बने रहने की कोशिश कर रहा था और जितना अच्छा हो सके मुकाबला करने के लिए पकड़ बना रहा था।÷ अब हरकाज़ मॉन्ट्रियल ओपन के फाइनल में स्पेन के पाब्लो कारेनो बुस्ता का सामना करेंगे जो सेमीफाइनल में डेनियल इवान्स को 7-5, 6-7(7), 6-2 से हराकर आ रहे हैं।



## शिव संग्राम प्रमुख विनायक मेटे की सड़क हादसे में मौत

एजेंसी ∢ मुंबई
www.dailypioneer.com

शिव संग्राम के प्रमुख विनायक मेटे का रविवार को मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर महाराष्ट्र में खोपोली के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि मेटे दुर्घटना के समय एक एसयूवी कार से यात्रा कर रहे थे। पुणे से लौटते समय यह हादसा हुआ। घायल अवस्था में उन्हें कामोठे के एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनका निधन हो गया। सूत्रों ने बताया कि वह एक बैठक भाग लेने के लिए मुंबई जा रहे थे और बाद में स्वतंत्रता दिवस की रैली में भाग लेने के लिए अपने गृहनगर बीड लौटने वाले थे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस अस्पताल पहुंचे। शिंदे ने मेटे के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, कि विनायक मेटे की मौत चौंकाने वाली और दर्दनाक है। हमने एक ईमानदार योद्धा खो दिया है, जो मराठा समुदाय के लिए लड़ा। वह मेरे द्वारा बुलाई गई मराठा समुदाय से संबंधित मुद्दों पर बैठक में भाग लेने के लिए मुंबई आ रहे थे। वह अपनी अंतिम सांस तक इस उद्देश्य और राज्य में सामाजिक आंदोलनों के लिए प्रतिबद्ध रहे।



महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने ट्वीट किया, शिव संग्राम संगठन के अध्यक्ष विनायक मेटे की आकस्मिक मौत की खबर बेहद चौंकाने वाली है। उनका सामाजिक कार्य और समाज के वंचित वर्गों के विकास में योगदान महान है। मेटे ने वर्ष 2014 विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी से हाथ मिलाया था।

## 'विभीषिका स्मृति दिवस' बंटवारे की त्रासदी का दुरुपयोग : कांग्रेस

एजेंसी ∢ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर मौके का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए करते हैं और इस बार विभाजन की विभीषिका वह 'स्मृति दिवस' मनाकर बंटवारे की त्रासदी का राजनीतिक लाभ लेने के लिए कर रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने के पीछे प्रधानमंत्री की वास्तविक मंशा सबसे दर्दनाक ऐतिहासिक घटनाओं को अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करना है। इस त्रासदी में लाखों लोग विस्थापित हुए और लाखों की जानें गईं। उनके बलिदानों को भुलाया या अपमानित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बंटवारे की त्रासदी का दुरुपयोग नफरत और पूर्वाग्रह की भावना को भड़काने के लिए नहीं होना चाहिए। सच ये है कि वीर सावरकर ने दो राष्ट्र का सिद्धांत दिया और जिन्ना ने इसे आगे बढ़ाया। पटेल ने लिखा था, मुझे लगता है कि अगर विभाजन स्वीकार नहीं किया गया, तो भारत कई टुकड़ों में बंट जाएगा। प्रवक्ता ने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री आज जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भी याद करेंगे, जिन्होंने शरत चंद्र बोस की इच्छा के खिलाफ बंगाल के विभाजन का समर्थन किया था, और स्वतंत्र भारत के पहले कैबिनेट में शामिल हुए, जब विभाजन के दर्दनाक परिणाम स्पष्ट रूप से सामने आ रहे थे। उन्होंने कहा कि यह दुखद स्थिति है कि देश को बांटने के लिए आधुनिक दौर के सावरकर और जिन्ना का प्रयास आज भी जारी है।



**दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरेगा**

# समृद्ध और सुरक्षित भारत के लिये राष्ट्र धर्म को रखना होगा सर्वोपरिः योगी

पायनियर संवाददाता ∢ लखनऊ
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब हम व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक जीवन से पहले 'राष्ट्र प्रथम' के भाव के साथ कार्य करेंगे तो हमारा भारत अमृत काल में दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरेगा। अपने सरकारी आवास पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत आयोजित होमगार्ड के जवानों का तिरंगा मार्च और मोटरसाइकिल रैली के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी 25 वर्ष को देश का अमृत काल निर्धारित किया है। इन वर्षों में भारत को कहां ले जाना चाहते हैं, हमें इसकी कार्ययोजना बनानी होगी। एक समृद्ध और सुरक्षित भारत के लिए हर व्यक्ति को अपने स्तर पर प्रयास करना होगा। सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। ईमानदारी से किए गए प्रयास सार्थक परिणाम लेकर आते हैं। योगी ने कहा कि हम सब जानते हैं की अमृत महोत्सव सप्ताह का आयोजन पूरे देश में हो रहा है। सबसे अधिक आबादी वाला राज्य होने के नाते देश की निगाह उत्तर प्रदेश पर है। प्रदेश के मंत्री, अधिकारी, पुलिस के जवान, होमगार्ड कार्मिक सहित समाज का हर तबका इस कार्यक्रम से जुड़ गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के तहत प्रदेश भर में 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह के अंतर्गत प्रभात फेरियां निकालने के साथ ही अनेक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। 13 से 15 अगस्त के बीच चल रहे 'हर घर तिरंगा अभियान' से प्रदेश का प्रत्येक नागरिक जुड़ रहा है। आज 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस के रूप में भी प्रदेश के सभी 75 जनपदों में मौन मार्च निकाले जाएंगे। विभाजन की त्रासदी को स्मरण करते हुए प्रदर्शनी लगाई जाएंगी वहीं दूसरी तरफ 15 अगस्त को आज़ादी का पर्व देश और प्रदेश में पूरे उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाएगा। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे देश ने वैश्विक महामारी कोरोना से लड़ाई लड़ी और महामारी की हर लहर को नियंत्रित किया। इस दौरान हेल्थ केयर वर्कर, शासन, प्रशासन, पुलिस के जवान, होमगार्ड के कार्मिक और समाज के अलग-अलग तबके के लोगों के द्वारा जो काम किया गया वह दुनिया के सामने एक उदाहरण बना है। उन्होंने कहा कि आज हम सबको जीवन और जीविका गारंटी देकर आज़ादी का अमृत महोत्सव माना रहे हैं, जो हमारे एक उज्ज्वल भविष्य की तस्वीर प्रस्तुत कर रहा है।



मुख्यमंत्री योगी ने होमगार्ड के जवानों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप जमीन से जुड़े हुए हैं। पर्व, त्योहार, ट्रैफिक की व्यवस्था समेत तमाम कार्यों में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

## गांव जा रहे परिवार की कार भावनगर में डंपर से टकराई, चार की मौत

**भावनगर।** गुजरात के भावनगर जिले में स्टेट हाईवे पर एक कार के डंपर ट्रक से टकरा जाने से हुए दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर हादसे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस एक अधिकारी ने रविवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह दुर्घटना जिले के वल्लभीपुर कस्बे के निकट राजमार्ग पर शनिवार रात करीब 11 बजे हुई। उन्होंने कहा कि हादसे में जान गंवाने वाले परिवार के चारों लोग सूरत से अमरेली जिले के अपने पैतृक गांव झरकिया जा रहे थे, तभी उनकी कार सड़क किनारे डंपर से जा टकराई। अधिकारी ने कहा कि हादसे में एक दंपति और उनके 15 वर्षीय बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके 18 वर्षीय भतीजे को भावनगर के एक अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को हादसे के बारे में सूचना दे दी है।




## विभाजन विभीषिका के दौरान हुआ 20वीं सदी का सबसे बड़ा नरसंहार : धामी

वार्ता ∢ रूद्रपुर/नैनीताल
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विभाजन विभीषिका के दौरान 20वीं सदी का सबसे बड़ा नरसंहार हुआ था। धामी ने रूद्रपुर के जेसीज पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कहा विभाजन के दौरान कई परिवारों ने अपनी जान हथेली में लेते हुए रेलगाड़ी, बैलगाड़ी एवं अन्य माध्यमों से पलायन किया। उन्होंने कहा विभाजन विभीषिका में लंबे संघर्ष के बावजूद लोगों ने अपने वर्चस्व को बचाया एवं समाज के विकास में अहम योगदान दिया। उन्होंने कहा कि इस विभीषिका की पीड़ा सह चुके लोगों ने उत्तराखण्ड के तराई क्षेत्र को बसाने में अहम योगदान दिया। आज भी ये लोग उत्तराखंड के विकास में अपना अहम योगदान दे रहे हैं। उन्होंने इस मौके पर लगभग 400 विभाजन विभीषिका सेनानियों को सम्मानित भी किया और कहा कि आप सभी को सम्मानित करते हुए वह स्वयं को सम्मानित महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम में विभाजन विभीषिका के दौरान प्राणों की आहूति देने वाले लोगों का पूरे विधि-विधान से तर्पण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड में प्रत्येक वर्ष विभाजन विभीषिका दिवस आयोजित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले से विभाजन विभीषिका दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी। साथ ही सभी मुख्यमंत्रियों को विभाजन विभीषिका दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम किए जाने एवं विभाजन के दौरान मौजूद लोगों से बात किए जाने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि आज हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं और जल्द ही हम अमृत काल में प्रवेश करेंगे। यह भारत का स्वर्णिम काल होगा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने भी यह संकल्प लिया है कि जब हमारा राज्य 25वें साल में प्रवेश करेगा, तब हमारा प्रदेश देश का श्रेष्ठ राज्य होगा। इसके लिए हम सरलीकरण, समाधान और निस्तारण के मंत्र पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि काठगोदाम एवं रुद्रपुर से अमृतसर के लिए सीधे ट्रेन सेवा शुरू हो। रुद्रपुर में जल्द बाईपास का काम किया जाएगा एवं गदरपुर में कुछ ही दिनों में बाईपास बनकर तैयार होने वाला है जिससे लोगों को सुविधा मिल सकेगी।




15 अगस्त
शहादत, समर्पण, त्याग
खून और पसीने से सिंचित
75 बरस के सफर को सलाम
S-33524/65
अपने हाथों में 'तिरंगा' थामे हमारे पुरखों ने भयंकर यातनाएं सहीं, शहादत दी, पर भारत को आजादी दिलाने का संकल्प पूरा किया। 75 वर्षों की यात्रा में 'तिरंगा' हमारी आन-बान-शान और प्रेरणा का प्रतीक बना रहा। आजादी का अमृत महोत्सव एक गौरवशाली पड़ाव है, जहां से हमें नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ना है। अपने महान लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करते हुए 'नया भारत' और 'नवा छत्तीसगढ़' गढ़ना है। मुझे गर्व है कि छत्तीसगढ़ में ग्रामीण तथा समावेशी विकास का मॉडल सफलता के नए-नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है।
स्वतंत्रता जिंदाबाद! लोकतंत्र जिंदाबाद! संविधान जिंदाबाद!
जय हिन्द! जय छत्तीसगढ़ महतारी!
भूपेश बघेल मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh


समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सौजन्य-परियोजना अधिकारी
महिला बाल विकास विभाग, किरंदुल


समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सौजन्य-जमील खान
कंस्ट्रक्शन, किरंदुल


स्वतंत्रता दिवस की 75वीं सालगिरह की
प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं
गोपाल दुबे
युवक कांग्रेस नेता बिलासपुर


स्वतंत्रता दिवस की 75वीं सालगिरह की
प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं
75
आज़ादी का
अमृत महोत्सव
इं. एल.के. गहवई
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
बेलतरा विधानसभा क्षेत्र


Azadi Ka
Amrit Mahotsav
श्री रायपुर सीमेंट प्लांट
(श्री सीमेंट लिमिटेड की इकाई)
समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
BANGUR CEMENT
सस्ता नहीं
सबसे अच्छा
SHREE जंग रोधक CEMENT
JUNG KI NO ENTRY
ग्राम-खपराडीह, तहसील-सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)


AM/NS
INDIA
एक कदम आत्मनिर्भर भारत की ओर
आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) नए मूल्य वर्धित स्टील रेंज के साथ एक आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करने का प्रयास करता है। हमारे स्मार्ट स्टील्स सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देते हैं और देश की आयात निर्भरता को कम करते हुए देश के उज्जवल भविष्य की ओर आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
स्मॉर्टर स्टील्स ब्राइटर फ़्यूचर्स


हर घर तिरंगा
आज़ादी का अमृत महोत्सव
भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक होने का गर्व
जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में निष्ठावान
भारत की स्वतंत्रता का उत्सव मनाने के लिए एकजुट
भारत की आज़ादी के
75
वर्ष
का उत्सव
वर्ष 1958 में अपनी स्थापना के बाद से ही हमने खनन के नए मानदंड बनाए हैं और भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक माने जाते हैं। पर्या-हितैषी खनन के हमारे दर्शन के परिणामस्वरूप हमारी परियोजनाओं के आस-पास लोगों का सामाजिक-आर्थिक विकास हुआ है।
अपने राष्ट्र नायकों की अदम्य भावना तथा वीरता को सलाम करते हुए
एनएमडीसी सबको स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देता है
एनएमडीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय: "खनिज भवन", 10-3-311/A,
कैसल हिल्स, मासब टैंक, हैदराबाद-500028
www.nmdc.co.in nmdclimited
पर्या हितैषी खनिक

# अमर शहीदों के परिजनों का सम्मान और रेलवे सुरक्षा बल की बाइक रैली का 'फ्लैग इन' समारोह आयोजित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




नई दिल्ली स्थित लाल किले पर दिनांक 13.08.2022 को आजादी के अमर शहीदों के परिजनों का सम्मान और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की बाइक रैली का 'फ्लैग इन' समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी थे। अश्वनी जी ने महाराष्ट्र के शहीद शिवराम हरि राजगुरु, पश्चिम बंगाल के खुदीराम बोस, आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू, असम के कुशल कोंवर, उड़ीसा के लक्ष्मण नायक तथा तेलंगाना के शहीद कोमाराम भीम के परिजनों को सम्मानित किया।

सम्मान समारोह में अश्विनी वैष्णवजी के द्वारा बाइक रैली में शामिल आरपीएफ जवानों को 5 लाख रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की। इस अवसर पर समारोह की विशिष्ट अतिथि माननीया रेल राज्य मंत्री, दर्शना जरदोश ने कहा कि देश की आजादी में रानी लक्ष्मीबाई जैसी हजारों महिलाओं का भी विशेष योगदान रहा है। आज भी देश के विकास में महिलाओं का योगदान पुरुषों से कम नहीं है। महिला आरपीएफ भी यात्रियों की सुरक्षा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

**आजादी के अमृत महोत्सव की कड़ी मे आरपीएफने 75 दिनों तक विशेष अभियान चलाया** - समारोह में अपने स्वागत भाषण में आरपीए के महानिदेषक संजय चंदर ने कहा कि आजादी के 75वें वर्ष के अवसर पर-आरपीएफने भी देश भर में 75 दिनों तक लगातार विशेष अभियान चलाए। इस विशेष अवसर पर आरपीएफने 7 लाख 50 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया है। इसमें से अब तक छह लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा आरपीएफने लगातार 75 दिनों तक 7 हजार 189 स्टेशनों पर यात्रियों को पानी पिलाने का कार्य भी किया है। इसके अलावा वीडियो वॉल से लैस ट्रक के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, राष्ट्र निर्माण में किए जा रहे प्रयासों और विभिन्न सामाजिक और सुरक्षा मुद्दों पर जनसामान्यं को जागरूक करने का भी कार्य किया है।

इस कड़ी मे रेलवे सुरक्षा बल, रायपुर मंडल के द्वारा अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है, जिसके तहत रायपुर मंडल (अंतागढ़ से लेकर दघोरी तक) मे तक लगभग 10,401 पौधो का रोपण किया है। 27 स्वतंत्रता सेनानीयों के परिजनो का सम्मान किया गया है, 40 दिनो तक जलसेवा के तहत आमलोगो एवं रेल यात्रियों को स्वच्छ पेय जल का वितरण किया गया है, लगभग 30 दिनो तक 750 अधिकारीयों एवं बल सदस्यों के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया है। लगभग 727 अधिकारीयों एवं जवानो के द्वारा रन फार युनिटी के तहत 5,408 किलोमीटर की दूरी तय कर आपसी एकता-भाईचारा व स्वस्थ जीवनषैली अपनाने का संदेष दिया है।

## महंत ने स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ पर प्रदेशवासियों को दी बधाई शुभकामनाएं



**रायपुर।** आजादी की पूर्व संध्या पर जारी बधाई संदेश में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, भारत की आजादी में अनेक वीरों का अहम योगदान रहा है। भारत का स्वतंत्रता दिवस न केवल ब्रिटिश राज के शासन से भारत की आजादी को दर्शाता है।















## युवाशक्ति के साथ हाथों में तिरंगा थाम विहीप व मातृशक्ति की बहनों ने निकाला तिरंगा यात्रा



**दल्लीराजहरा।** आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव पर घर-घर तिरंगा अभियान के तहत 13 अगस्त को जलाराम मंदिर के समीप विश्व हिंदू परिषद दल्ली राजहरा के द्वारा युवाओं व विद्यालयीन छात्र - छात्राओं के साथ आजादी पर्व पर हाथों में देश की आन बान और शान तिरंगा को थामकर तिरंगा यात्रा निकाली गई और मातृभूमि के लिए बलिदान देने वाले शहीदों की गाथा मातृशक्ति संयोजिका दल्ली राजहरा जानकी यादव द्वारा बच्चों को बताया गया। यह भी बताया गया कि हमें आजादी किस रूप में मिली है और इसका हमें मान सम्मान करना चाहिए। घर घर- तिरंगा अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 75 वीं वर्षगांठ पर सभी नागरिकों को और प्रत्येक घर तिरंगा अभियान चलाकर देशवासियों के अंदर में उर्जा और जज्बा भरने का प्रयास किया गया है। देश की रक्षा में हमारे वीर जवानों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया है।हम सब भी इन शहीदों के प्रति व परिजनों के प्रति बहुत ही सम्मान का भाव रखें इनके बलिदान को सदैव याद रखें। युवा नेता मोनू चौधरी व विहीप के जिला उपाध्यक्ष नीलेश श्रीवास्तव ने भी युवाओं से कहा कि देश को आजादी एक बड़े संघर्षों व लाखों देशवासियों, वीर सैनिकों के बलिदान के बाद हमको मिली है। हमारे नेताओ को जेलों में बंद कर कितनी यातनाएं दी गई शहीद भगत सिंह, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद,अशफाक उल्लाह खां, खुदीराम बोस,मंगल पांडे जैसे अनेक शूरवीरों को देशहित में प्राणों की आहुति देनी पड़ी। आज देश आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव मना रहा है। यह हमारे वीर शहीदों बलिदान से संभव हुआ है। इस देश की रक्षा हम सबको मिलकर करना है। इस अवसर पर रूमा राय, सोनिया सिंह, पुष्पा सिंह, युवा नेता नागेंद्र चौधरी, जिला नगर मंत्री शंकर साहू ,जिला उपाध्यक्ष नीलेश श्रीवास्तव, मालवीय और नगर के छात्र व छात्राएं मौजूद रहे।



















# भारतमाता ग्राम-निवासिनी की जुबानी 'आदर्श ग्राम योजना' की कहानी

विकास निधि की 1,723 करोड़ रुपये की राशि खर्च ही नहीं कर पाए , फंड के लिए घड़ियाली आंसू बहाने वाले सांसद, प्रधानमंत्री के द्वारा गोद लिए गए गांव में ही अधूरी पड़ी हैं योजनाएं, एक चौथाई योजनाओं में तो काम ही नहीं शुरू हुआ। 1909 में महात्मा गांधी ने हिंद स्वराज में की थी आदर्श ग्राम की परिकल्पना, ऐसी दर्जनों योजनाएं आईं गईं पर गांवों की तस्वीर नहीं बदली, 6.50 साढ़े छः लाख गांवों के साथ आज भी यह देश गांवों और किसानों का देश है, लेकिन गांव अब बिना देर किए किसी भी कीमत पर जल्द से जल्द शहर बनना चाहते हैं।



**डॉ राजाराम त्रिपाठी**
राष्ट्रीय संयोजक
अखिल भारतीय किसान
महासंघ आईफा

1 अक्टूबर 2014 को सांसद आदर्श ग्राम योजनाकी घोषणा भी अन्य बहुसंख्य सरकारी योजनाओं की भांति ही पूरे तामझाम ढोल नगाड़े के साथ की गई थी। प्रधानमंत्री जी के मनमोहक डिजाइनर रंगीन फोटो के साथ समाचार पत्रों में फुल-पेजिया विज्ञापन छपे थे। टीवी चैनलों पर कई दिनों तक भाट चारण गणों ने समवेत स्वर में इस महान युगांतरकारी कार्य योजना का गुणगान किया था। इस योजना को समावेशी विकास का ब्लूप्रिंट कहा गया। 8 अप्रैल 2015 को शुरू हुई। सरकारी वेबसाइट के अनुसार 'सांसद आदर्श ग्राम योजना' (SAGY) संसद के दोनों सदनों के सांसदों को प्रोत्साहित करती है कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्र के कम से कम एक गांव की पहचान करें और 2016 तक एक आदर्श गांव उनका विकास करें। इस महान योजना के उद्देश्यों को अगर आप पढ़ेंगे तो सम्मोहित हो जाएंगे। इसके उद्देश्यों की बानगी पेश हैः-

ग्राम पंचायतों के समग्र विकास के लिए नेतृत्व की प्रक्रियाओं को गति प्रदान करना। सभी वर्गों के जीवन यापन और जीवन की गुणवत्ता व स्तर में पर्याप्त रूप से सुधार करना। पंचायत तथा गांव का ऐसा सर्वविध समग्र विकास करना कि अन्य गांव तथा पंचायती प्रेरणा लें। चुने गए आदर्श ग्रामों को स्थानीय विकास के ऐसे केंद्रों के रुप में विकसित करना जो अन्य ग्राम पंचायतों को प्रशिक्षित कर सकें। और... बुनियादी सुविधाएं में सुधार करना । उच्च उत्पादकता । मानव विकास में वृद्धि करना। आजीविका के बेहतर अवसर। असमानताओं को कम करना । अधिकारों और हक की प्राप्ति। व्यापक सामाजिक गतिशीलता एवं समृद्ध सामाजिक पूंजी में वृद्धि करना वगैरह वगैरह। यानी कि इतना सब कुछ कि विकसित से विकसित शहर भी इन गांवों से रश्क करें। लिखने पढ़ने सुनने में बड़ा अच्छा लगता है सब कुछ।

प्रधानमंत्री की इस महान मंशा तथा संसद की इस परम प्रेरणा का कितना असर हमारे माननीय सांसदों पर पड़ा ? देश में यह योजना कितनी फलीभूत हुई? देश की ग्रामीण जनता तथा ग्राम्य भारत इस समावेशी विकास के ब्लूप्रिंट से कितना लाभान्वित हुआ ? योजना के लागू होने के 8 आठ साल बीत जाने के बाद, आज इन प्रश्नों की उत्तर ढूंढना, जांच पड़ताल करना और समुचित उत्तर नहीं मिलने पर सरकार से इन सवालों के जवाब लेना इस देश के हर मतदाता का, प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य भी है और अधिकार भी।

चाहे देश में हो अथवा विदेश में भारत को सदैव गांवों का किसानों का देश कहा जाता है। नवीनतम उपलब्ध सरकारी जानकारी के अनुसार हमारे देश में 6 लाख,49 हज़ार 4 सौ 81 गांव यानी कि लगभग साढ़े छः लाख गांव हैं। महाकवि सुमित्रानंदन पंत द्वारा ग्रामवासिनीभारत माता का चित्रण इस कविता में जरा देखेंः-

**भारतमाता**
**ग्रामवासिनी।**
**खेतों में फैला है श्यामल**
**धूल भरा मैला सा आँचल,**
**गंगा यमुना में आँसू जल,**
**मिट्टी की प्रतिमा**
**उदासिनी।**
**दैन्य जड़ित अपलक नत चितवन,**
**अधरों में चिर नीरव रोदन,**
**युग युग के तम से विषण्णा मन,**
**वह अपने घर में**
**प्रवासिनी।**

इन लाइनों में आजादी के पूर्व गुलाम भारत में भारत-माता तथा भारत के गांवों की दुर्दशा का जो मार्मिक चित्रण हुआ है, आजादी के 75 साल बाद भी इस चित्र में कोई विशेष परिवर्तन नहीं दिखाई देता । आजादी का अमृतोत्सव मना रहे इस अभागे देश का ये दुर्भाग्य नहीं तो और क्या है?

2014 में जब प्रधानमंत्री जी ने इस नई योजना की घोषणा की, तो तमाम गाजे-बाजे और विज्ञापनों के जरिए भले ही यह स्थापित करने का प्रयास किया गया की यह कोई यूरैका यूरैका टाइप नवीन विलक्षण क्रांतिकारी सोच है, पर दरअसल ऐसा नहीं है। यह कोई नई विलक्षण सोच या नई योजना नहीं है। आजादी के बहुत पहले 1909 में पहले महात्मा गांधी ने अपनी किताब हिन्द स्वाराजमें आदर्श ग्रामकी संकल्पना की थी। यह दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि गांधीजी के आदर्शों की बातें तो बहुत की गई, आज भी रोज गांधी जी के आदर्शों की दुहाई दी जाती है, पर गांधी के सपनों के गांव हम आज तक नहीं बना सके।

ऐसे ही साल 2009-10 में भी गांवों के समग्र विकास की एक योजना लाई गई थी प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना(PMAGY) इस योजना में ऐसे गांवों का चयन करना था जहां अनुसूचित जातियों की संख्या 50 प्रतिशत से अधिक हो। चूंकि संविधान में देश के सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता का अधिकार दिया गया है, इसलिए इन वर्गों को समाज में बराबरी के स्तर पर लाना इसका प्रमुख उद्देश्य था। 18 राज्यों के लगभग 16 हजार गांवों का चयन किया गया, हर गांव के लिए 21 लाख रुपए की राशि भी प्रावधानित की गई थी। इस योजना की उद्देश्य तथा लक्ष्यों की अगर हम बात करें,तो इस योजना में कुल 13 बिंदुओं में ग्रामीण विकास की इतनी अच्छी अच्छी योजनाओं का उल्लेख किया गया है, कि अगर सारी योजनाओं का शतप्रतिशत क्रियान्वयन हो जाता गांव स्वर्ग से भी बेहतर हो जाते और मनुष्य स्वर्ग जाने से भी इंकार कर भारत के गांवों में ही रहना श्रेयस्कर समझता।

इसी भांति समय-समय पर ऐसी कई मनमोहक योजनाएं बनाई गईं, जैसे कि लोहिया ग्राम योजना, अंबेडकर ग्राम योजना और गांधी ग्राम योजना, अटल आदर्श ग्राम योजना उत्तराखंड वगैरह वगैरह, जिन्होंने देश के गांवों को 'आदर्श ग्राम' बनाने का दावा किया, वादे किए, सपने दिखाए, वोट बटोरा, अपनी-अपनी सरकारें बनाईं, पर न तो गांवों का भाग्य बदला और न ही उनकी तस्वीर। तत्कालीन सरकारों से आज यह सवाल क्यों नहीं पूछा जाना चाहिए कि क्या इस योजना के एक दशक बाद भी इन वर्गों को हम समानता के स्तर पर ला सके हैं , और अगर ऐसा नहीं कर पाए तो इसके लिए दोषी कौन है और उसके लिए कौन सी सजा का प्रावधान होना चाहिए?

ऐसा नहीं है कि गांवों में परिवर्तन नहीं आया है। गांवों में ढेरों परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं। गांव में साइकिलों को विस्थापित कर मोटरसाइकिलें आ गई हैं। पंच सरपंचों पंचों के घर पक्के हो गए हैं, इनके घरों में चार पहिया वाहन भी देखे जा सकते हैं। और कुछ चाहे मिले या ना मिले किंतु मोबाइल और टीवी हर घर की अनिवार्य आवश्यकताओं में शुमार हैं। असीमित कमीशन खोरी के साथ ही साथ पंचायत अस्पताल, स्कूलों के पक्के भवन भी बनते जा रहे हैं, पर इन गुणवत्ताविहीन भवनों में न तो सुयोग्य शिक्षक हैं, ना ही नियमित डॉक्टर, ना पर्याप्त दवाइयां। जहां जहां सड़कें बनीं भी, उसे भी अनियंत्रित कमीशन खोरी के अजगर ने आधा पौना लील लिया है। कहीं-कहीं तो विकास के नाम पर गांवों के पहले से ही चल रहे अस्पतालों का ही नाम बदलकर उन्हें वैलनेस सेंटर जैसा फैंसी नाम दे दिया गया, पर हमारे इन अस्पताल कम वैलनेस सेंटर्स की जमीनी हकीकत को कोरोना ने उधेड़कर दुनिया को दिखा दिया था। पर बहुत कुछ ऐसा भी है जो आज भी नहीं बदला है, जैसे कि गांवों में अव्वल तो नालियां हैं ही नहीं, और जहां कच्ची पक्की कुछेक हैं भी, वहां आज भी पहले की तरह ही नालियां बदस्तूर बजबजा रही हैं। पहले की तरह गंदगी तथा मच्छरों, बीमारियों का साम्राज्य आज भी कायम है। इंच इंच जमीनों के लिए लड़ाई -झगड़ों के मामले आज भी जारी हैं। आज भी गांव के समझदार चतुर सुजान लोग सुबह उठते ही तैयार होकर कोर्ट कचहरी, कार्यालयों का रुख करते हैं। अपवादों को छोड़कर ज्यादातर जींन्स पैंट पहनने वाली ग्रामीण युवा पीढ़ी को भी पढ़ें लिखे सभ्य लोगों की तरह ही मिट्टी कीचड़ गोबर, गाय गोरू, खेत खलिहान की जहमत से सख्त परहेज है। किसान का युवा बेटा बाप की 4 एकड़ जमीन पर खेती करने के बजाए उसकी 2 एकड़ जमीन बिकवा कर उस रकम की रिश्वत देकर शहर में चपरासी की नौकरी करने की जुगाड़ में लगा हुआ है। गांव अब बिना देर किए, किसी भी कीमत पर जल्द से जल्द शहर बनना चाहते हैं।



फाइल फोटो

## विशेष लेख : आजादी के 75 वीं वर्षगांठ पर

बड़े शहरों में रहने वाले कान्वेंट के बच्चे कभी कभार भूले-भटके अपने चाचा ताऊ के यहां गांवों में आने पर अक्सर यह सवाल पूछ ही लेते हैं कि जब अमूल और मदर डेयरी इतना अच्छा दूध दे रहे हैं, तो आप लोग गांवों में दूध के लिए ये गाय-भैंस गोबर गौमूत्र की गंदगी क्यों बना कर रखे हैं, और इस बदबू और मच्छरों के बीच आप लोग भला रह कैसे पाते हैं?

इसी योजना के तहत स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी बनारस से 25 पच्चीस किलोमीटर दूर स्थित 2974 जनसंख्या वाले गांव जयापुर गोद लिया गया था। जयापुर बनारस से 25 किलोमीटर दूर स्थित है। इस ग्राम के चयन के भी कई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष कारण रहे होंगे। विजय को प्रेरित करता हुआ इसका जयापुर नाम भी एक कारण हो सकता है वैसे कहा जाता है कि यह गांव शुरू से ही संघ का गढ़ रहा है इस पर अंतिम मोहर लगने का यह भी एक स्वाभाविक नैसर्गिक कारण हो सकता है। समाचारों में ही हमने सुना कि इस गांव के करीब 300 वर्ष पुराने महुआ के पेड़ को संरक्षित करने की कवायद हो रही है, दूसरी और देश के हजारों-हजार साल पुराने जैविक विविधता से भरपूर जंगलों के लाखों पेड़ों को पूरी निर्ममता के साथ केवल इसलिए काटा जा रहा है ताकि इन राजनीतिक पार्टियों तथा नेताओं को मोटा चुनावी चंदा देने वाली बड़ी कंपनियों द्वारा लीज पर ली गई खदानों से अवैध रूप से अनमोल खनिज संपदा को जल्द से जल्द निकाल कर बेचा जा सके ।

मोदी जी की प्रधानमंत्री सांसद आदर्श ग्राम योजना पार्ट वन- 2014 एवं पार्ट टू -2021 की अगर बात करें तो सांसद आदर्श ग्राम योजना 2021 की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक,इस योजना के तहत 2314 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। प्रधानमंत्री जी के गोद लिए गए इस गांव में भी इतने सालों बाद भी एक चौथाई परियोजनाओं पर काम ही शुरू नहीं हुआ (नौ अक्टूबर 2021 की स्थिति में )। और अगर काम हो गया हो ,तो गांव वालों को बधाई।

चावल की हांडी के एक दाने के रूप में अगर हम झारखंड की बात करें तो यहां सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत राज्य के सांसदों ने अब तक कुल 89 पंचायतों का चयन किया है। कुल 5230 स्कीमें स्वीकृत की गई। जिनमें से 2065 योजनाएं लंबित बताई गई हैं। जिन योजनाओं पर काम हुआ बताया जाता है इनमें हर स्तर पर तरह तरह की कमियां-खामियां उजागर हो रही हैं। कमोबेश यही हाल पूरे 800 सांसदों के द्वारा चयनित 2314 ग्राम पंचायतों के गांवों का भी कहा जा सकता है।

ऐसा नहीं है कि इस योजना के पूर्ण न होने के पीछे फंड या पैसों की कमी की कोई समस्या है। देश में यही एक ऐसी योजना है, जिसे पूर्ण करने के लिए फंड की कोई समस्या ही नहीं है। आदर्श सांसद ग्राम योजना के तहत विकास कार्य पूरा करने के लिए कई तरह से फंड मिलते हैं। इनमें इंदिरा आवास,पीएम ग्रामीण सड़क योजना और मनरेगा भी शामिल है। इसके अलावा सांसदों को मिलने वाला स्थानीय क्षेत्र विकास फंड (एमपीलैड) भी कार्यक्रम पूरा करने में मददगार है। इसी महीने अप्रैल में सरकार ने संसद की एक समिति को यह जानकारी दी है कि माननीय पूर्व सांसदों के द्वारा स्थानीय क्षेत्र विकास निधि की 1,723 करोड़ रुपये की राशि खर्च नहीं की जा सकी है। इसे कुंए में भांग पड़ना नहीं कहिएगा तो और क्या कहिएगा? जरा सोचिए... जो माननीय सांसद महोदय हाथ जोड़कर वोट मांगते वक्त आपकी सेवा करने का वादा करते हैं, जीतने के बाद,, आपकी सेवा के लिए मिली हुई रकम को 5 वर्षों में भी समुचित तरीके से खर्च करने वक्त भी उनके पास नहीं है।

प मोदी जी ने लाल किले से गांवों की किस्मत बदलने के सपने दिखाएं, सांसदों ने भी गांवों को गोद लेकर बड़े-बड़े वादे भी किए। लेकिन आज आठ साल बीत जाने के बाद भी ऐसे कई गोद लिए गांवों में समग्र समावेशी विकासकी तो छोड़िए समुचित शिक्षा, स्वास्थ्य, एवं रोजगार तथा बुनियादी जरूरतों को तरसते इन गांवों में आज तक सामान्य योजनाएं तक भली भांति नहीं पहुंच पाई हैं।

सोचने वाली बात यह है कि जब देश के माननीय प्रधानमंत्री तथा माननीय सांसदों द्वारा गोद लिए गए गांवों का जब यह हाल है ,तो बाकी देश के सवा 6.5 साढ़े छः लाख गांवों के समावेशी समग्र विकास के बारे में बात करना,और सवाल पूछना ही बेमानी और फिजूल है।

कहने को हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं , लेकिन कुल मिलाकर इन 75 वर्षों में ग्राम-निवासिनी भारत माता का चेहरा चमकाने के नाम पर नाना नामधारी योजनाओं के जरिए जो सतही रंगो रोगन की कवायद की गई उनमें पर्याप्त राजनैतिक इच्छाशक्ति के अभाव तथा व्यापक भ्रष्टाचार के चलते , शक्ल को चमकाने के बजाय और ज्यादा बिगाड़ दिया है। यह कहना गलत ना होगा कि, प्रधानमंत्री जी की इस सांसद आदर्श ग्राम योजना में ना तो माननीय सांसद पर्याप्त रुचि ले रहे हैं, और ना ही इन योजनाओं में दूर दूर तक आदर्श नामक कोई चिड़िया दिखाई नहीं दे रही है । यही कारण है कि इससे ना तो भारत के गांवों की दशा दुर्दशा बदल रही है,और ना ही पंत जी की उदासिनी भारत माता की तस्वीर।

# आज़ादी की हिफाज़त है ईबादत



**विजय मिश्रा अमित**
पूर्व अति. महाप्रबंधक
(जन)

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास बताता है कि 15 अगस्त 1947 के पूर्व अंग्रेज़ों की दमनकारी नीतियों और बढ़ते अत्याचारों के सामने जनसाधारण दासत्व में जीने को विवश हो चला था। नारकीय जिंदगी जीते दिन में भी अहसास होता था अंधियारी रात का,किंतु 1857 की क्रांति के साथ ही अत्याचार का घड़ा तोड़ने गूंज उठा यह स्वर-

**उठो जवानों नाम मिटा दो पापी-शैतान का**
**अंग्रेज़ों के सीने में गाड़ो**
**झण्डा हिन्दुस्तान का।**

ऐसे दौर में अंग्रेज़ों के विरूद्ध विद्रोह की मशाल लेकर मां भारती के अनेक लाल शहीद हो गए।उनके त्याग बलिदान से मिली आज़ादी के पर्व पर खुले आसमान में लहराते तिरंगा तले जय हिन्द, भारत माता की जय का उद्घोष जनमन को आज भावविभोर कर देता है।देशभक्ति से सराबोर करता हुआ गर्व का पर्व है स्वतंत्रता दिवस।

15अगस्त ऐसा ऐतिहासिक दिवस है,जो अनेक अर्थों में हरेक भारतीय के लिए आत्मविश्लेषण - आत्मचिंतन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यही वजह है कि इस दिवस पर आज़ादी के पूर्व और बाद के चित्र'अतीत से अद्यतन' की चर्चा विविध माध्यमों से की जाती है।देश भर के वीर-वीरांगनाओं के त्याग समर्पण को नमन् किया जाता है।सूर्योदय से सूर्यास्त तक धरती से आकाश तक यही आवाज़ गूंजती है-

यही पूजा सुबह- शाम कर लें, देश के अमर शहीदों को बस प्रणाम कर लें।

अमर शहीदों का स्मरण करते हुए इस दिवस पर सर्वधर्म समभाव को भी बनाए रखने का संकल्प लेना है। यही वो शक्ति रही जिसके बूते देश को परतंत्रता की बेड़ी से मुक्त करने में कामयाबी मिली।

**छत्तीसगढ़ महतारी के रणबांकुरे**

आजादी की पच्छतरवीं सालगिरह के मौके पर छत्तीसगढ़ के बलिदानी सपूतों का उल्लेख करना गर्व का विषय होगा।इतिहास साक्षी है कि आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ में 1857 के तैंतीस वर्ष पूर्व ही अर्थात 1824 में ही वीर आदिवासी सपूतों ने फिरंगियों के खिलाफ़ जंगछेड़ दी थी। सुराज के लिए स्वंत्रता संग्राम के यज्ञ में अपना सर्वस्व होम कर देने वाले आदिवासी सेनानियों की हुंकार से ताकतवर अंग्रेज हुकुमत थर थर कांपती थी।

ऐसे पारंपरिक शौर्य का प्रदर्शन करने वालों में वीर गेंदसिंह, गुंडाधुर,इंदरू केवट,वीर नारायण सिंह,राजा भेरम देव आदि शामिल हैं।उन दिनों सोना खान के सपूत नारायण सिंह का शौर्य और साहस जनगीत बनकर गुंजता था-

**परन ठान के, कफन बांध के भारत मां के करीन बिचार, गरजिस बघवा वीर नारायण, लिन तलवार निकाल।**

**वीरांगनाओं की धरा छत्तीसगढ़**

आदिवासी समाज की तरह फिरंगियों के राज को नेस्तनाबूत करने के लिए यहॉ की अनेक वीरंगनाओं ने भी ब्रिटिश हुकुमत की ईंट से ईंट बजा दी थी।I जनमें शामिल डॉ.राधाबाई,रोहणी बाई परगनिहा, केतकी बाई, बेला बाई, फुलकुंवर बाई और मिनाक्षी देवी (मिनीमाता) की राष्ट्रवादी भावना के आगे अंग्रेजों के नापाक ईरादे ताश के पत्तों से बने मीनार की भांति भरभरा कर गिरते-टूटते थे। वीरांगनाओं के भीतर कूट कूट कर भरी देशभक्ति के आगे अंग्रेजों को हार माननी पड़ी। अन्ततः पराधीनता की बेड़ियों से मॉ भारती को मुक्ति मिली।

**आज़ादी की हिफाज़त है ईबादत**

स्वतंत्र भारत में आज तक जो कुछ भी अर्जित किया गया है,वह प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से तीन सौ वर्षों की गुलामी की भीषण पीड़ा सहे वीर पूर्वजों की देन है।इस नाते सदैव यह स्मरण रखना होगा कि विरासत में मिली आज़ादी की पूंजी खैरात की नहीं है। यह कठोर तपस्या से तैयार की गई फसल से उपजी पूंजी है। किसी भी क़ीमत पर इसकी हिफाज़त करने के लिए हर हिन्दुस्तानी को तत्पर रहना होगा।

याद रखें आज़ादी की हिफाज़त भी एक इबादत है,अतः स्वाधीनता के अमृत महोत्सव पर एक नया संकल्प लें कि अपने घर की दीवार को कम से कम एक महान पराक्रमी की तस्वीर से सुसज्जित करेंगें। यह पहल आत्मसुख-संतोष देगी।साथ ही साथ नई पीढ़ी के मानस पटल पर देशभक्ति की भावना का बीजारोपण करने में अवश्य कारगर होगी। आज़ादी के अमृत महोत्सव को अविस्मरणीय बनाने घर पर एक तिरंगा और एक महान सपूत की तस्वीर लगाने की पहल करें। जयहिंद।

## फरमाया



**मोदी** जी के नेतृत्व वाले आठ सालों में भारत ने जमीन पर 80 चमत्कार कर दिखाए हैं।

**- गजेंद्र सिंह शेखावत**
जल शक्ति मंत्री



**रोजगारों** में वृद्धि के माध्यम से डेमोक्रेट अमेरिकी परिवारों को प्रभावित करने वाली वैश्विक मुद्रास्फीति से संघर्ष कर रहे हैं।

**- नैंसी पेलोसी**
अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष



**सरकार** ने जीडीपी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को अनदेखा कर केवल सुर्खियां बनाने पर ध्यान दिया है।

**- महुआ मोइत्रा**
टीएमसी सांसद

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## दहशतगर्दी के पीछे पाक वर्दी

**यह** नारा आज पाकिस्तान के गुलाम कश्मीर में गली-गली में गूंज रहा है एवं कश्मीरी वहां पाकिस्तानी सेना के जुल्मों सितम का शिकार हो रहा है। मगर आज भारत का कश्मीर जिस तरह से तिरंगे को लेकर खुशियां मना रहा है वह आज पाकिस्तान को हजम नहीं हो रहा है आज हमारे कश्मीर में दोहरी नागरिकता वाला नियम भी काफी समय पहले खत्म हो चुका है एवं पूरे देश में एक समान नागरिकता है मगर आज गुलाम कश्मीर में नागरिक पाकिस्तानी सेना के जूतों के नीचे कराह रहा है। पाकिस्तानी पत्रकार उमर अलताफ हमेशा भारत के टीवी चैनलों पर आकर भारतीय कश्मीर की बुराई करते हैं, परंतु अपने कश्मीर में हो रही ज्यादतीयों की कोई बात नहीं करते जबकि आज जिस भारतीय कश्मीर के लाल चौक पर दो-तीन साल पहले कोई तिरंगा तक नहीं फहरा सकता था, आज वहां धारा 370 के हटने के 3 साल होने के बाद आज उसी लाल चौक पर बच्चा-बच्चा तिरंगा लहराना चाहता है एवं यह मान कर चलिए के इस बार का 15 अगस्त भी वहां भारतीय कश्मीर घाटी में बहुत शानदार ढंग से तिरंगा झंडा लहराने वाली है, फहराने वाली है। और वहां गुलाम कश्मीर में पाक सेना का कहर, आतंक कम नहीं हो रहा है।

**- मनमोहन राजावत, शाजापुर**

## डाटा संरक्षण विधेयक वापस

**अभी** हाल ही में भारत सरकार ने संसद से व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक वापस ले लिया है क्योंकि यह विधेयक देश में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए ऑनलाइन स्थानों को विनियमित करने हेतु व्यापक कानूनी ढांचे पर विचार करता है। इसके साथ-साथ इस डेटा संरक्षण विधेयक से संबंधित बहुत सारी चुनौतियां हमारे सामने हैं कई लोगों का तर्क है कि डाटा का भौतिक स्थान साइबर दुनिया में प्रासंगिक नहीं है क्योंकि एंक्रिप्शन कुंजी अभी भी राष्ट्रीय एजेंसियों की पहुंच से बाहर हो सकती है। फेसबुक और गूगल जैसी बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां इसके खिलाफ हैं और उन्होंने डाटा स्थानीयकरण की संरक्षणवाद की नीति की आलोचना की है क्योंकि उन्हें इस बात का डर है कि इसका अन्य देशों पर भी प्रभाव पड़ेगा। हालांकि इस विधेयक को वापस लेने के बहुत सारे कारण हैं जैसे कि डाटा स्थानीयकरण के मुद्दे एवं हितधारकों की नकारात्मक प्रतिक्रिया। इसके लिए हमें कई प्रयास करने होंगे जैसे कि डाटा को ऐसे रूप में संग्रहित किया जाना चाहिए जिस पर भारत सरकार का भरोसा हो और यह डाटा अपराध की जांच के मामले में सुलभ होना चाहिए।

**- सुदर्शन सोराड़ी, चंपावत**

## चीन की हेकड़ी

**ताइवान** के पास जो विशेषताएं हैं वे विशेषताएं चीन के लिए सबककारी होंगी? चीन से आकार-प्रकार में छोटा जरूर है, आबादी के मामले में चीन से बहुत छोटा जरूर है परन्तु ताइवान के सैनिक दक्ष और भौगोलिक स्थितियों से परिचित और प्रशिक्षित हैं। ताइवान के पास छोटे हथियारों का एक मजबूत जखीरा है। ताइवान की पहली प्राथमिकता चीनी हमलों से अपने नागरिकों के जीवन की सुरक्षा करना है। चीन ताइवान के चारो तरफ सैनिक अभ्यास कर रहा है। चीन के सैनिक अभ्यास के कारण अंतरराष्ट्रीय वायु और समुद्र यातायात प्रभावित है। चीन ताइवान को हड़पने के चक्कर में अपना भी नुकसान कर सकता है, चीन के तथाकथित आधुनिक हथियारों की मारक क्षमता की पोल खुल सकती है, क्योंकि दशकों से चीनी सेना ने कोई युद्ध लड़ा ही नही है। परन्तु चीन की युद्धक मानसिकता का दुष्परिणाम दुनिया को भी भुगतना पड़ेगा क्योंकि युद्ध की स्तिथि में खाद्य और तेल समस्या बढ़ेगी। किसी भी परिस्थिति में चीन की युद्धक मानसिकता की गर्दन मरोड़नी ही होगी।

**- परमवीर केसरी, मेरठ**

# सरयू प्रसाद स्टेडियम में मंत्री अनिला करेंगी ध्वजारोहण लेंगी परेड की सलामी, कवि सम्मेलन का भी होगा आयोजन

## कलेक्टर ने लिया कार्यक्रम स्थलों का जायजा

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

स्वतंत्रता दिवस के 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज सोमवार को बालोद जिला मुख्यालय स्तिथ सरयू अग्रवाल स्टेडियम में मुख्य आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सूबे की महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़ियाँ शामिल होंगी। जहाँ वे आज सुबह 9 बजे मुख्य आयोजन स्थल पर ध्वाजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी और जनता के नाम मुख्यमंत्री के सन्देश का वाचन करेंगी। साथ ही इस दौरान शहीदों के परिजनों का सम्मान और पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र वितरण होगा। जिसके मद्देनजर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने रविवार को फाइनल रिहर्सल सम्पन्न किया। कलेक्टर डॉ. सिंह के मार्गदर्शन में ध्वजारोहण, परेड निरीक्षण, आदि कार्यक्रमों का अंतिम अभ्यास सम्पन्न हुआ। इस दौरान एसपी जितेंद्र यादव, जिला पंचायत सीईओ डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, एडीएम योगेंद्र श्रीवास, डिप्टी कलेक्टर शीतल बंसल, अमित श्रीवास्तव, बालोद एसडीएम जीडी वाहिले एवं तमाम अधिकारी मौजूद रहे। आपको बता दे कि इस बार आजादी के अमृत महोत्सव को खास बनाने 15 अगस्त की शाम को बालोद के मंडी प्रांगण में कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमे देश के दिग्गज कवि अपनी प्रस्तुति देंगे। जिसका भी जायजा मंडी प्रांगण पहुच कलेक्टर ने लिया। साथ ही स्वतंत्रता दिवस के 75वीं वर्षगांठ को सफल बनाने सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस अपने आप में विशेष हैं। लगातार बारिश हो रही है बावजूद लोगों के उत्साह में कमी नही है। सांस्कृतिक कार्यक्रम नही होंगे। पूरे सम्मान और गरिमा के साथ अपने देश के आजादी के पर्व को मनाएंगे। अमृत महोत्सव के तहत कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया हैं।





### राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन

पूरे देश व राज्य की भांति जिले में भी आजादी के अमृत महोत्सव को यादगार बनाने हेतु सभी तैयारियॉ सुनिश्चित की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ को चीरस्मरणीय बनाने हेतु स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन कृषि उपज मण्डी प्रांगण गंजपारा बालोद में शाम 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक किया जा रहा है। इस वर्ष की स्वतंत्रता दिवस की संध्या देश के नामचीन एवं राज्य व नगर के सुप्रसिद्ध कवियों की कविता पाठ से सजने वाली है। इस कवि सम्मेलन में पद्मश्री सुनील जोगी (दिल्ली), अमन अक्षर (भोपाल), अंकिता सिंह (गुरूग्राम), गजेन्द्र प्रियांशु (बाराबंकी), अभय निर्भिक (लखनऊ), अशोक चारण (राजस्थान), मिथलेश शर्मा (बालोद), आलोक शर्मा (दुर्ग) और श्यमा कश्यप बेचैन (सरगुजा) अपनी उपस्थिति के साथ ही शहीदों के नाम अपनी कविताओं से शमा संजोएंगे।




# बेमेतरा जिले में विधायक सहित आला अधिकारियों ने लगाई स्वतंत्रता दौड़



**बेमेतरा।** आजादी के अमृत महोत्सव में रविवार को जय स्तम्भ चौक में स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष कुमार छाबड़ा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह छवई, पी.डब्लू.डी. निर्मल सिंह ठाकुर जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेमेतरा युगल किशोर उर्वशा एवं नवागढ़ एस.डी.एम. प्रवीण तिवारी, सीएमओ होरी सिंह ठाकुर, सुनील तिवारी, राजीव शर्मा एस.डी.ओ.पी., तहसीलदार राजकुमार मरावी, पार्षदगण सहित अन्य विभाग के आधिकारीयों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अतिथियों के द्वारा शहीदों को नमन करते हुए पुष्पांजली अर्पित कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

**स्वतंत्रता दौड़ से दिया एकता और देश प्रेम का संदेश**

विधायक छाबड़ा ने अपने उद्बोधन में अमृत महोत्सव की शुभकामना देते हुए कहा हम सब एक है कि भावना से प्रेरित करते हुए सदभावना दौड़ के लिए जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग को बधाई। कलेक्टर शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा आाज 75वी स्वतंत्रता दिवस अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे है हम सभी का दायित्व है कि देश की एकता अखण्डता तथा भाईचारे के साथ उत्तरोतर विकास के पथ पर आगे बढ़े। उन्होने सभी को अमृत महोत्सव की बधाई दी। आइये हम निजी स्वार्थ को छोड़कर देशप्रेम और भाईचारे के साथ देश हित में काम करें। जय स्तम्भ चौक से विधायक छाबड़ा, कलेक्टर जीतेन्द्र कुमार शुक्ला पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह के अगुवाई में समस्त अधिकारी कर्मचारी पार्षदगण, छात्र-छात्राओं के द्वारा तिरंगे झण्डे के साथ दौड़ लगाई गई। कार्यक्रम का संचालन मनोज बख्शी ने किया तथा प्रतिवेदन तथा आभार व्यक्त खेल अधिकारी नागेश्वर तिवारी ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में संतराम साहू बी.एस. सिंह, संतोष राजपूत, सुनील झा, प्रमोद ठाकुर, दिनेश शर्मा, मृत्युंजय शर्मा, उपेन्द्र सेंगर, चोवाराम, खेलूराम सोमप्रथ श्रीवास विजय पाण्डेय सिंह, आर. के भारती, अमोल सिंह सलाम, रूपेश कुमार यादव ने अपना सहयोग दिया।

# स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर 'स्वतंत्रता दौड़' का हुआ आयोजन, बरसते पानी में कलेक्टर, एसपी सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी और स्कूली छात्राओं ने हाथ मे तिरंगा लिए लगाई दौड़



**बालोद।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर बालोद जिला मुख्यालय स्तिथ सरदार पटेल मैदान में स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया हैं। स्वतंत्रता दौड़ को कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान एसपी जितेंद्र यादव, डीएफओ आयुष जैन, नगर पालिकाध्यक्ष विकास चोपड़ा, जिला पंचायत सीईओ डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, एडिशनल एसपी हरीश राठौर, अपर कलेक्टर योगेंद्र श्रीवास, डिप्टी कलेक्टर शीतल बंसल, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल, बालोद एसडीएम जीसी वाहिले सहित तमाम जिले के तमाम प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी व रेड क्रॉस सोसायटी के मेंबर एवं स्कूली छात्राओं ने हाथ में तिरंगा लिए बरसते पानी में दौड़ लगाई। स्वतंत्रता दौड़ सुबह 8 बजे सरदार पटेल मैदान से होते हुए घड़ी चौक, जय स्तम्भ चौक, संजारी क्लब होते हुए सरदार पटेल मैदान पहुची। इस दौरान पूरा शहर भारत माता के जयकारे से गुंज उठा।



# गायत्री परिवार ने निकाली तिरंगा रैली

## आजादी के अमृत महोत्सव पर वृक्ष गंगा अभियान, पर्यावरण संवर्धन अभियान, मोर रायपुर-स्वच्छ रायपुर के विषय मे दिया संदेश

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



अखिल विश्व गायत्री परिवार की रायपुर इकाई ने स्वतंत्रता दिवस के पूर्व आजादी के अमृत महोत्सव पर रायपुर शहर में राष्ट्रीय ध्वज को साथ मे लेकर बाइक रैली निकाली गई। गायत्री परिवार के जिला रायपुर के जिला समन्वयक श्री लच्छूराम निषाद ने बताया कि इस महोत्सव के दौरान देश के देश की आजादी में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान, उनके बलिदान व देश के गौरवपूर्ण इतिहास एवं संकृति के विषय में नगरवासियों को जागरूक किया गया। साथ ही मिशन की सप्त सूत्रीय आंदोलन, वृक्ष गंगा अभियान, पर्यावरण का संरक्षण व संवर्धन एवं मोर रायपुर-स्वच्छ रायपुर के विषय मे भी संदेश दिया गया। निषाद ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पं श्रीराम शर्मा आचार्य जी भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे। राष्ट्र के परावलम्बी होने की पीड़ा भी उन्हें उतनी ही सताती थी जितनी कि गुरुसत्ता के आदेशानुसार तपकर सिद्धियों के उपार्जन की ललक उनके मन में थी। वर्ष 1926 से 1933 तक का समय उनका एक सक्रिय स्वयं सेवक- स्वतंत्रता सेनानी के रूप में बीता, जिसमें घरवालों के विरोध के बावजूद पैदल लम्बा रास्ता पार कर वे आगरा के उस शिविर में पहुँचे, जहाँ शिक्षण दिया जा रहा था, अनेकानेक मित्रों-सखाओं के साथ भूमिगत हो कार्य करते रहे तथा समय आने पर जेल भी गये। छह- छह माह की उन्हें कई बार जेल हुई। जेल में भी जेल के निरक्षर साथियों को शिक्षण देकर व स्वयं अँग्रेजी सीखकर लौटै। आसनसोल जेल में वे पं. जवाहरलाल नेहरू की माता स्वरूपरानी नेहरू, रफी अहमद किदवई, महामना मदनमोहन मालवीय जी, देवदास गाँधी जैसी हस्तियों के साथ रहे व वहाँ से एक मूलमंत्र सीखा जो मालवीय जी ने दिया था कि जन- जन की साझेदारी बढ़ाने के लिए हर व्यक्ति के अंशदान से, मुट्ठी फण्ड से रचनात्मक प्रवृत्तियाँ चलाना। स्वतंत्रता की लड़ाई के दौरान कुछ उग्र दौर भी आये, जिनमें शहीद भगतसिंह को फाँसी दिये जाने पर फैले जनआक्रोश के समय अरविन्द के किशोर काल की क्रान्तिकारी स्थिति की तरह उनने भी वे कार्य किये, जिनसे आक्रान्ता शासकों प्रति असहयोग जाहिर होता था। नमक आन्दोलन के दौरान वे आततायी शासकों के समक्ष झुके नहीं, वे मारते रहे परन्तु, समाधि स्थिति को प्राप्त राष्ट्र देवता के पुजारी को बेहोश होना स्वीकृत था पर आन्दोलन के दौरान उनने झण्डा छोड़ा नहीं जबकि, फिरंगी उन्हें पीटते रहे, झण्डा छीनने का प्रयास करते रहे। उन्होंने मुँह से झण्डा पकड़ लिया, गिर पड़े, बेहोश हो गये पर झण्डे का टुकड़ा चिकित्सकों द्वारा दाँतों में भींचे गये टुकड़े के रूप में जब निकाला गया तब सब उनकी सहनशक्ति देखकर आश्चर्यचकित रह गये। उन्हें तब से ही आजादी के मतवाले उन्मत्त श्रीराम मत्त नाम मिला। अभी भी भी आगरा में उनके साथ रहे या उनसे कुछ सीख लिए अगणित व्यक्ति उन्हें मत्त जी नाम से ही जानते हैं। लगानबन्दी के आकड़े एकत्र करने के लिए उन्होंने पूरे आगरा जिले का दौरा किया व उनके द्वारा प्रस्तुत वे आँकड़े तत्कालीन संयुक्त प्रान्त के मुख्यमंत्री गोविन्द वल्लभ पंत द्वार गाँधी जी के समक्ष पेश किये गये। बापू ने अपनी प्रशस्ति के साथ वे प्रामाणिक आँकड़े ब्रिटिश पार्लियामेन्ट भेजे, इसी आधार पर पूरे संयुक्त प्रान्त के लगान माफी के आदेश प्रसारित हुए। कभी जिनने अपनी इस लड़ाई के बदले कुछ न चाहा, उन्हें सरकार ने अपने प्रतिनिधि के साथ सारी सुविधाएँ व पेंशन दिया, जिसे उनने प्रधानमंत्री राहत फण्ड के नाम कर दी। वैरागी जीवन का, सच्चे राष्ट्र संत होने का इससे बड़ा प्रमाण क्या हो सकता है? निषाद ने बताया कि गायत्री परिवार द्वारा अनेक प्रकार के रचनात्मक कार्यक्रम के आयोजन से सामाजिक और संस्कृतिक उत्थान के कार्य किये जाते है।

# भाटापारा नगर में विधायक शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भाजपा के घर-घर तिरंगा अभियान के चलते पूरे शहर में तिरंगा फहराने का म शुरू हो गया है। इस कड़ी में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा की अगुवाई में पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय से रैली निकाल कर फवारा चौक,राम सप्ताह चौक,गोविंद चौक, पंचायती मंदिर, हटरी बाजार, टाकीज लाइन, सुभाष बाजार होकर पूरे नगर का भ्रमण कर पुनः भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ.. इस दौरान पार्टी के पार्षद और तीनो मंडलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी थे। कार्यकर्ताओं ने आम लोगों से अपील की के अपने अपने घरों में तिरंगा अवश्य फहराये। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरे यात्रा मार्ग में व्यवसायिक संस्थानों एवं व्यापारिक संगठनों से भी अपील की कि वे अपने दुकानों में तिरंगा ध्वज लगाएं व अपने यहां कार्यरत कर्मचारियों को भी उनके घरों में लगाने हेतु तिरंगा वर्ष उपलब्ध कराएं। उक्त कार्यक्रम में जिला महामंत्री राकेश तिवारी, भाजयूमो जिलाध्यक्ष सुनील यदु, महाबल बघेल, मोहन बांधे, मनिन्दर सिंह गुम्बर, योगेश अनन्त, राजा कामनानी, नंदकिशोर अग्रवाल, आशीष जायसवाल, आशीष टोडर,डब्लू ठाकुर,धनीराम साहू,देवक साहू,पवन वर्मा,प्रमोद निषाद,परस देवांगन, सतीश सोनी,मनीष मिश्रा, रोसन साहू, प्यारे रजक,मथुरा यदु,शुभम राजपूत, सतीश साहू, राजा शर्मा सहित बड़ी संख्या में तीनों मंडलों के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

ज्योति हॉस्पिटल एवं प्रसूति गृह

24 घंटे एम्बूलेंस की सुविधा उपलब्ध एवं आपात कालीन सुविधा उपलब्ध

ज्योति डेंटल क्लीनिक
(दांत का दवाखाना)
डॉ. ज्योति सुखवानी
बी.डी.एस. दंत रोग विशेषज्ञ)

डॉ. ज्योति वाधवा
(प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ)
समय सुबह 10 से दोप. 3 बजे एवं
शनिवार सुबह 10 से 02 बजे तक

सेतपाल नगर, तिल्दा-नेवरा, फोन-07721-234359 मो.-07489512346

नोट-असुविधा से बचने के लिए फोन से अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें।


# किआ ने FMSCI के सुपरविजन में आयोजित की 'द कारेंस ड्राइव', हासिल किया

**रायपुर।** देश में सबसे तेजी से बढ़ते कार निर्माताओं में से एक, किआ इंडिया ने दिल्ली-एनसीआर में अपने सम्मानित ग्राहकों के लिए 7 अगस्त, 2022 को एक खास कस्टमर एक्सपीरिएंस, 'द कारेंस ड्राइव' का आयोजन किया। फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया (FMSCI) द्वारा इस आयोजन को सुपरवाइज और प्रमाणित किया गया। इस ड्राइव में 22 कारेंस ग्राहकों ने 84 किलोमीटर की ड्राइव का मजा लिया और अपनी कारों से सर्वश्रेष्ठ माइलेज प्राप्त करने के लिए आपस में प्रतिस्पर्धा की। इस ड्राइव को ग्रेटर नोएडा के स्टेलर जिमखाना से जेवर तक के लिए झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस ड्राइव में कारेंस को 4 श्रेणियों में रखा गया - मैनुअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ पेट्रोल और डीजल पावरट्रेन। यह ड्राइव अनुभवी ऑटो एनालिस्ट टूटू धवन के नेतृत्व में आयोजित की गई। यहां उन्होंने प्रतिभागियों को कई बहुमूल्य सुझाव दिए। कारेंस ड्राइव के समापन पर 4 विजेताओं और उपविजेताओं की घोषणा की गई। यहां प्रत्येक विजेता ने अपने एडिशन से सर्वश्रेष्ठ माइलेज का दावा किया। सभी किआ कारेंस में कम से कम 3 लोग सवार थे। यहां विपिन त्यागी द्वारा अपनी डीजल मैनुअल किआ कैरेंस के साथ 29.8 KMPL के उच्चतम माइलेज का दावा किया गया। सभी प्रतिभागियों द्वारा प्राप्त औसत माइलेज 23.5 KMPLका था। इस अवसर पर, हरदीप सिंह बराड़, वीपी एंड हेड सेल्स एंड मार्केटिंग, किआ इंडिया ने कहा, ''किआ में, हमारा निरंतर प्रयास है कि हम न केवल अपनी श्रेणी के सर्वश्रेष्ठ उत्पाद पेश करें, बल्कि समय समय पर अपने सम्मानित ग्राहकों को एक कस्टमाइज्ड ब्रांड अनुभव भी प्रदान करें। 'द कारेंस ड्राइव' इसी दिशा में एक और पहल है। कारेंस किआ की ओर से एक बेहतरीन पेशकश है और इस साल लॉन्च होने के बाद से कई लोगों का दिल जीत चुकी है।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्याम सुंदर गुप्ता, राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे

**रायपुर।** 75वें स्वतंत्रता दिवस दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल, कार्यालय में 15 अगस्त 2022 को उत्साह पूर्वक स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। मंडल रेल प्रबंधक श्याम सुंदर गुप्ता के द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय (डीआरएम) ऑफिस रायपुर के प्रांगण में 9.00 बजे राष्ट्रीय ध्वज पर फहराया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः 09.00 बजे सुमधुर राष्ट्रगीत के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उपरांत आर.पी.एफ के जवानों की परेड का निरीक्षण करेंगे।

## तिरंगा गौरव यात्रा निकालकर पदयात्रा गांवों में नुक्कड़ सभा आयोजित

**बलौदाबाजार।** ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण बलौदाबाजार के तत्वाधान में कांग्रेसजनों द्वारा ग्राम मोहतरा से रसेड़ा ,रसेड़ी एवं मेढ़ तक भारत जोड़ो तिरंगा गौरव यात्रा निकालकर पदयात्रा की पदयात्रा के दौरान गांवों में नुक्क ड़ सभा आयोजित ग्रामीणों को संबोधित किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम गिरी की अगुवाई में आयोजित पदयात्रा में कृषक कल्याण परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पाठ्यपुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी,पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा ,पूर्व विधायक जनक राम वर्मा ,कृषि उपज मंडी अध्यक्ष तुलसी राम वर्मा ,महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरी भृगु ,जनपद सदस्य एवं महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ललिता यदु ,गंभीर सिंह ठाकुर,पार्षद डिगेश्वरी नामदेव ,लखेश साहू ,गणेश शंकर साहू ,लटुवा सरपंच प्रतिनिधि दीपक साहू ,मोहतरा सरपंच ईश्वरी साहू ,रसेड़ा सरपंच कृपाल साहू की विशेष उपस्थिति में पद यात्रा के दौरान गांव के सभी मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना कर कांग्रेस के देश के आजादी ,विकाश सहित भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार की उपलब्धि की जानकारी प्रदान की गई।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में मंडल के रायपुर सहित 05 स्टेशनों पर प्रदर्शनी का आयोजन



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय रेलवे में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया। 15 अगस्त 1947 को देश को आजादी मिली और साथ ही मिला बंटवारे का ऐसा दर्द, जिसने देश की आत्मा को लहुलूहान कर दिया। यह दुनिया की सबसे बड़ी मानव त्रासदियों में से एक है। लाखों परिवारों का जीवन अंधेरे में डूब गया। उन्हें जीवन की ऐसी यात्रा तय करना पड़ी, जिसकी कोई मंजिल नहीं थी। इन परिवारों ने भी स्वतंत्रता का मूल्य चुकाया। उनकी त्रासदी को हम याद कर सकें, वर्तमान पीढ़ी और आने वाली पीढ़ी उनके बलिदानों और पीड़ा से परिचित हो सके, स्वतंत्रता में उनकी आहुति की कीमत को समझ सके। इसलिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हर साल 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति के रूप में मनाने का आह्वान किया है। इसी संदर्भ में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में 14 अगस्त 2022 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक तथ्यों को दर्शाने वाली प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। रायपुर स्टेशन के गेट नं 01 में यह प्रदर्शनी लगाई गई है। रायपुर स्टेशन के साथ ही मंडल के दुर्ग,भाटापारा, बालोद, दल्लीराजहरा स्टेशनों पर भी यह प्रदर्शनी लगाई गई जहां यात्रीगण इस चित्र-प्रदर्शनी से देश की विभाजन विभीषिका के तथ्यों से रूबरू हो रहे हैं, रायपुर रेल मंडल के भिलाई के रेलवे स्कूलों में भी विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। रायपुर स्टेशन में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर देश की आज़ादी के दौरान विभाजन की पीड़ा सहने वाले परिवारो के प्रति सहानुभूति एवं राष्ट्र में कौमी एकता कायम रखना कार्यक्रम का मूल उद्देश्य रहा। कार्यक्रम की शुरुआत आगंतुकों के स्वागत तथा सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी रूहीना तुफैल ख़ान द्वारा उद्बोधन सहित देशभक्ति गीत द्वारा किया गया। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी उदय कुमार भारती द्वारा सन् 1947 में हुए विभाजन की त्रासदी के चित्रण से भावविभोर मुद्रा में दिखे। जिन्होंने विभाजन की त्रासदी को करीब से झेला, इस मौके पर उनको भी भावुक होते हुए देखा गया। उक्त कार्यक्रम में शहर के पूर्व विधायक बरनाड रॉड्रिग्स, सेवानिवृत एसपी एस भामरा, पूर्व पार्षद एवं सिक्ख समाज संयोजक सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा सहित बलविंदर सिंह अरोरा, रोमी भल्ला तथा वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर आबिद कुरैशी ने सद्भावना वक्तव्य दिया। सहायक वाणिज्य प्रबंधक शम्भू शाह ने विभाजन के दर्द को बयां करते हुए आज के परिवेश में उन बातों को भूल कर एकजुट होकर नए भारत के निर्माण पर जोर दिया।




स्वतंत्रता दिवस की 75वीं सालगिरह की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं



**ग्राम पंचायत-करदना**

श्री फिरदियुस मिंज
सरपंच

श्री कृष्णा राम
सचिव

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं सालगिरह की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं



**ग्राम पंचायत-खमली**

श्रीमती सिमा बाई
सरपंच

श्रीमती नमीता भगत
सचिव

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं सालगिरह की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं



**ग्राम पंचायत-पटिया**

श्री सोहराई राम
सरपंच

श्री दिनेश राम
सचिव

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं सालगिरह की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं

**ग्राम पंचायत गजमा**





श्री रंजीत भगत
सरपंच

श्री निलम तिर्की
सचिव

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं सालगिरह की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं



**ग्राम पंचायत-अंधरझार**

श्री सुरजन राम
सरपंच

श्री अमृत तिर्की
सचिव

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं सालगिरह की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं



**ग्राम पंचायत-धाधरा**

श्रीमती लालकी टोप्पो
सरपंच

श्री तेलेसफोर मिंज
सचिव

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं सालगिरह की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं



**ग्राम पंचायत-बुमतेल**

श्री मनोहर एक्का
सरपंच

श्री मो. नईम खान
सचिव

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं सालगिरह की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं



**ग्राम पंचायत-बहेरना**

श्री बलराम राम (भैंसा)
सरपंच

श्री रतन नागेश
सचिव

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं सालगिरह की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं



**ग्राम पंचायत-रैमने**

श्री बुधेश्वर भगत
सरपंच

श्री शोभनाथ महतो
सचिव

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं सालगिरह की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं



**ग्राम पंचायत-खौंगा**

श्रीमती अमीता तिर्की
सरपंच

श्री विजय टोप्पो
सचिव

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं सालगिरह की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं



**ग्राम पंचायत-मुटू**

श्रीमती उषा भगत
सरपंच

श्री तेलेसफोर मिंज
सचिव

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं सालगिरह की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं



**ग्राम पंचायत-हर्राड़िप्पा**

श्रीमती प्रेसिका कुजूर
सरपंच

श्री श्रवन भगत
सचिव

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं सालगिरह की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं



**ग्राम पंचायत-माडो**

श्रीमती दिव्या गुलाब बरवा
सरपंच

श्री रामलाल राम
सचिव

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं सालगिरह की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं



**विकासखण्ड बीआरसी**
**मनोरा**

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं सालगिरह की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं



**वरिष्ट कृषि विभाग विकासखण्ड अधिकारी**
**मनोरा-जिला जशपुर**

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं सालगिरह की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं



सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी**
**मनोरा-जिला जशपुर**

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं सालगिरह की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं



**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत-मनोरा**
**जिला जशपुर**

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं सालगिरह की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं



वन एवं वन्य प्राणियों
की रक्षा करें
वनों को कटने से बचाएं

**वनपरिक्षेत्र अधिकारी मनोरा**
**समस्त स्टाफगण**

स्वतंत्रता दिवस की 75वीं सालगिरह की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं



**ग्राम पंचायत-ओरडीह**

श्रीमती कमला भगत
सरपंच

श्री जगतपाल प्रधान
सचिव



**स्वतंत्रता दिवस**
**की हार्दिक शुभकामनायें....**





श्रीमती बालकुमारी केरकेट्टा
सरपंच

श्री रामलाल राम
सचिव

**ग्राम पंचायत-इराई**

**संकलनकर्ता - वाहिद खान संवाददाता, मनोरा, मोबाईल - 70006-68191**



आज़ादी का अमृत महोत्सव
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
डॉ. रमन सिंह
पूर्व मुख्यमंत्री छ.ग., राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा, विधायक राजनांदगांव




स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें...
एक शुभचिंतक
राजनांदगांव




DCT Real Estate Developer
निवेश के लिए उत्तम
घर बनाने के लिए सर्वोत्तम
PCGRERA061120001156
भव्य आवासीय टाउनशिप
कृष्णापुरम
KRISHNA PURAM
कृष्णा पुरम
26 एकड़ में आवासीय टाउनशिप
5000 ट्री प्लांटेशन
9 भव्य बगीचे प्ले एरिया के साथ
इनवेस्टर हमारे साथ निवेश करके बेहतर रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं
World Class Amenities
• Gym & Jogging Track
• Club House
• Huge Entrance Gate
• Wide CC Road
• 9 Green Garden
• Secured Boundary Wall
• 24 Hrs. Water & Drainage
• Swimming Pool
• Shopping Mall
• Badminton Court
• CCTV Colony
• Temple & Much more...
श्री राम पार्क
ठिकाना
DCT REAL ESTATE DEVELOPERS
प्रॉपर्टी मतलब DCT
Reg. Office : Behind High Court, Chhatauna Road, Bilaspur (C.G.)
For Site Visit & Booking : 6264883066, 7470886613




PB
WINGS OF PB GROUP
LAUNCHING
SOON
PRESENTING
O2 DROPS
PURIFIED BY PASSION
THE PUREST MINERAL WATER
Because A Better Change Does Matters
Enriched With Minerals!
Do Experience It Yourself
Coz Every Sip Matters!!
CHHATTISGARH'S FIRST MINERAL WATER BRAND

स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

न्याय का नया अध्याय

सार्वभौम पीडीएस



अतिरिक्त खाद्यान्न चावल का निःशुल्क वितरण

सितंबर 2022 तक



samvad-33382/1

श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

सेवा, जतन, सरोकार - छत्तीसगढ़ सरकार

## छत्तीसगढ़ में अब तक 814.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 814.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 14 अगस्त तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1814.9 मिमी और सरगुजा में जिले में सबसे कम 330.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर में 474.4 मिमी, बलरामपुर में 434.1 मिमी, जशपुर में 454.9 मिमी, कोरिया में 489.0 मिमी, रायपुर में 622.1 मिमी, बलौदाबाजार में 848.8 मिमी, गरियाबंद में 876.6 मिमी, महासमुंद में 834.7 मिमी, धमतरी में 878.4 मिमी, बिलासपुर में 966.4 मिमी, मुंगेली में 919.4 मिमी, रायगढ़ में 743.9 मिमी, जांजगीर-चांपा में 968.2 मिमी, कोरबा में 663.0 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 714.2 मिमी, दुर्ग में 739.6 मिमी, कबीरधाम में 830.0 मिमी, राजनांदगांव में 827.5 मिमी, बालोद में 908.8 मिमी, बेमेतरा में 525.0 मिमी, बस्तर में 1150.5 मिमी, कोण्डागांव में 892.5 मिमी, कांकेर में 997.4 मिमी, नारायणपुर में 908.6 मिमी, दंतेवाड़ा में 1191.6 मिमी और सुकमा में 812.1 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।


















संकलनकर्ता- दिलीप माहेश्वरी ब्यूरो चीफ, बलौदाबाजार, मो. नं- 9926480185

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
# पायनियर
www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 15 अगस्त 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 354 मूल्य 3.00 ₹

**अवकाश एवं शुभकामना संदेश**

स्वतंत्रता दिवस की पायनियर परिवार की ओर से सभी सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं व शुभचिंतकों को हार्दिक बधाई व शुभकानाएं। इस अवसर पर पायनियर समाचार पत्र के कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक आपको 17 अगस्त को प्राप्त होगा।

**-संपादक,** पायनियर

**क्विक न्यूज़**

### डॉ. देवेन्द्र नायक ने स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर प्रदेशवासियों को बधाई दी

**रायपुर।** श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के चेयरमेन तथा श्रीबालाजी थिंक मीडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. देवेन्द्र



नायक ने आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने बधाई देते हुए कहा आजादी की लड़ाई में अनेक वीरों ने अपने प्राण न्यौछावर किए। वर्षों तक अंग्रेजों की गुलामी के बाद 15 अगस्त 1947 को हमारा देश आजाद हुआ। स्वतंत्रता की लड़ाई में कितने सेनानियों ने अपना बलिदान दिया तब जाकर हमें यह आजादी मिली। डॉ. नायक ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी वीर सपूतों, महापुरूषों और वीरांगनाओं को नमन करता हूं।

### महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में विभाग आवंटन को लेकर विवाद नहीं : फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के



नेतृत्व वाले शिवसेना खेमे के बीच मंत्रिमंडल में विभाग आवंटन को लेकर कोई विवाद नहीं है। फडणवीस ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री और वह स्वयं भी कई विभागों को संभाल रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि भाजपा और शिंदे खेमा जरूरत पड़ने पर अगले कैबिनेट विस्तार से पहले कुछ विभागों का आदान-प्रदान कर सकते हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज शहरी विकास समेत 11 अन्य मंत्रालयों का दायित्व अपने पास रखते हुए फडणवीस को महत्वपूर्ण गृह और वित्त विभाग दिया तथा 18 नये मंत्रियों को कैबिनेट विभागों का आवंटन किया।

# राज्यपाल अनुसुईया उइके, सीएम भूपेश बघेल ने स्वतंत्रता दिवस पर दी बधाई

**पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर**
www.dailypioneer.com

राज्यपाल अनुसुईया उइके ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों सहित पूरे देशवासियों, सेना के जवानों और स्वतंत्रता सेनानियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राज्यपाल उइके ने अपने संदेश में कहा है कि 15 अगस्त 1947 को हमारा देश सदियों की गुलामी से मुक्त हुआ था और हमने स्वतंत्रता की ताजी हवा में सांस ली थी। अनेक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और अनगिनत वीरांगनाओं के समर्पण, त्याग और बलिदान से हमारे देश को परतंत्रता की जंजीरों से आजादी मिली। मैं इस अवसर पर उन समस्त महापुरूषों और वीरांगनाओं को नमन करती हूं। राज्यपाल ने कहा कि आजादी के आंदोलन में अपना योगदान देने वाले आदिवासी वीरों के योगदान को भी भुलाया नहीं जा सकता। स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ के वीर गुण्डाधुर, वीर गेंदसिंह और शहीद वीरनारायण सिंह जैसे जनजातीय वीरों के नेतृत्व में कई सफल जनजाति विद्रोह हुए। इन विद्रोहों ने अंग्रेजी शासन को हिलाकर रख दिया था। मैं उन सभी आदिवासी नायकों को भी नमन करती हूं। इस आजादी को कायम रखने के लिए हमारी सेना के वीर जवानों और पुलिस कर्मियों ने भी अपनी शहादत दी है। मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं और नमन करती हूं। वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देश की आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में उन्होंने कहा है कि इस साल भारत को आजादी मिले 75 साल पूरे हो रहे हैं। इस खुशी में पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। हजारों लोगों के कठिन संघर्ष, त्याग और बलिदान से हमें यह अमूल्य आजादी मिली है। अलग-अलग जाति, धर्म, खान-पान, बोली-भाषा और भौगोलिक विविधता वाले भारत की आजादी के



बाद उसके स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में सफल होने की आशंका जताई गई थी। लेकिन अनेक चुनौतियों के बावजूद आज भारत पूरे विश्व में सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सभी अनाम योद्धाओं, शहीदों और वीर जवानों को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि जिनके बलबूते आज हम आजाद वातावरण में सांस ले रहे हैं, उन्हें याद कर मन सम्मान और गर्व से भर जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पुरखों ने आजादी के बाद जिस लोकतंत्रात्मक गणराज्य का सपना देखा था, उसे पूरा करना हम सब की जिम्मेदारी है। इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए राज्य सरकार गांधीवादी सोच के साथ 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार की प्राथमिकता समाज के सबसे कमजोर वर्ग को सशक्त बनाने, गांवों को मजबूत करने और हर व्यक्ति तक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की है। बुनियादी स्तर पर गांवों को मजबूत करने के लिए किसानों और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की पहल की गई है। इसके लिए सुराजी गांव योजना, 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना', गोधन न्याय योजना, गौ-मूत्र खरीदी, भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना जैसी कई लोक हितैषी योजनाएं शुरू की गई हैं। आदिवासियों को वनअधिकार पट्टा और वनोपज का वाजिब दाम दिलाकर उन्हें सक्षम बनाया जा रहा है। सरकार ने परंपरागत तीज-त्यौहारों के साथ ही लोक संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के प्रयास भी शुरू किए हैं। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना और माटी पूजन दिवस की शुरूआत की गई है। पोषण और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी लगातार काम कर प्रदेश ने उपलब्धियां हासिल की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ को खास बनाने के लिए छत्तीसगढ़ में हमर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है।




## ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रानी लक्ष्मीबाई समाधि स्थल पर किया झंडा वंदन

**पायनियर संवाददाता ◀ भोपाल**
www.dailypioneer.com



केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया रविवार को ग्वालियर में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के बाद सिंधिया वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की समाधि स्थल पहुंचे और झंडा वंदन किया। ऐसा पहली बार मौका है जब सिंधिया परिवार का कोई मुखिया वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की समाधि स्थल पर झंडा वंदन करने के लिए पहुंचा है। कुछ महीने पहले पहली बार सिंधिया ने रानी लक्ष्मीबाई के समाधि स्थल पर पहुंचकर पुष्पांजलि भी अर्पित की थी। वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की समाधि स्थल पर झंडावंदन करने के बाद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विभाजन की विभीषिका पर आधारित चित्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री के साथ ग्वालियर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर और पूर्व मंत्री माया सिंह उपस्थित रहीं।

## मरीजों के लिए 'दाई कोरा' का निर्माण अनुकरणीय कार्य : मुख्यमंत्री भूपेश

**पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर**
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में मरीजों के लिए दान स्वरूप निर्मित आश्रय भवन 'दाई कोरा' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री बघेल ने दानदाता की सराहना करते हुए कहा कि यह मानव समाज के हित में प्रशंसनीय और अनुकरणीय कार्य है। उन्होंने आश्रय भवन दाई कोरा में ठहरने वाले मरीज के परिजनों के लिए भोजन की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने कहा। गौरतलब है कि भरत वर्मा एवं गंगोत्री वर्मा जी द्वारा अपने पुत्री स्वर्गीय श्रीमती स्मृति गुंजन बघेल एवं पुत्र स्वर्गीय श्री राकेश वर्मा की स्मृति में डी. के. एस. अस्पताल में आने वाले मरीजों के परिजनों के ठहरने के लिये एवं विश्राम हेतु 12 बिस्तरीय 'दाई कोरा' नाम से आश्रय भवन का निर्माण कराया गया है। यह भवन सर्व-सुविधायुक्त है, जिसमें पीने के पानी हेतु आर.ओ. फिल्टर युक्त स्वच्छ जल की व्यवस्था है। इसके साथ ही सर्वसुविधायुक्त महिला एवं पुरुष कक्ष का निर्माण किया गया है। जिसमें महिलाओं के लिये 06 बिस्तर एवं पुरूषों के लिये 06 बिस्तर युक्त कक्ष है।

## गुजरात ने जीता अल्टिमेट खो-खो का पहला मैच

**वार्ता ◀ पुणे**
www.dailypioneer.com

गुजरात जायंट्स ने अनिकेत पोटे (दो ड्रीम रन, एक स्काई डाइव) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मुंबई खिलाड़ी को 69-44 के अंतर से मात देकर अल्टिमेट खो-खो (यूकेके) के पहले मैच में जीत दर्ज की। गुजरात ने टॉस जीतकर पहले डिफेंस चुना। पहली पारी में मुंबई की शुरुआत अच्छी रही और उन्होंने डिफेंडिंग टीम के पहले दो बैच जल्दी वापस भेज दिये, लेकिन तीसरे बैच में आये अनिकेत ने ड्रीम रन करते हुए अपनी टीम को दो बहुमूल्य पॉइंट दिलाये। पहली टर्न के अंत तक मुंबई 22-2 से आगे चल रही थी, लेकिन गुजरात ने अटैकिंग टर्न में मुंबई की बढ़त को समाप्त करते हुए 26-24 की बढ़त हासिल कर ली। दूसरी पारी में मुंबई को बड़ी बढ़त के लिये गुजरात को ऑल-आउट करना था लेकिन अनिकेत एक बार फिर उनके गले का कांटा बन गये। अनिकेत ने दूसरी पारी में भी ड्रीम रन पूरा किया, और सूयष गलगटे के पहले ड्रीम रन की बदौलत गुजरात ने मुंबई की बढ़त को 44-30 पर रोक दिया। जब दूसरी पारी में गुजरात को अटैक का अवसर मिला तो उन्होंने उसे पूरी तर भुनाते हुए 39 पॉइंट हासिल किये। इस दौरान उन्होंने मुंबई को एक बार ऑल-आउट भी किया, जिसमें अनिकेत ने एक स्काईडाइव के ज़रिये अटैकिंग में भी तीन पॉइंट का योगदान दिया।

## छत्तीसगढ़ के 27 पुलिस अधिकारी को पुलिस वीरता पदक विशिष्ट सेवा पदक एवं सराहनीय सेवा पदक से होंगे सम्मानित

**पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर**
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के 15 अधिकारियों को पुलिस वीरता पदक,दो को विशिष्ट सेवा पदक एवं 10 को सराहनीय सेवा पदक से विभूषित किये जाने की घोषणा की है। पुलिस वीरता पदक से मालिक राम, निरीक्षक, जिला नारायणपुर,अलरिक लकड़ा, उप निरीक्षक, जिला नारायणपुर,महेन्द्र पोटाई, उप निरीक्षक, जिला नारायणपुर,सुक्कु राम नाग, प्रधान आरक्षक हाल उप निरीक्षक, जिला नारायणपुर,शहीद जयलाल उईके, प्रधान आरक्षक (मरणोपरांत), जिला नारायणपुर,शहीद कनेर उसेंडी, प्रधान आरक्षक (मरणोपरांत), जिला नारायणपुर,शहीद श्याम किशोर शर्मा, उप निरीक्षक (मरणोपरांत), जिला राजनांदगांव को विभूषित किये जाने की घोषणा की गई है। इसी प्रकार पुलिस वीरता पदक से डॉ.अभिषेक पल्लव, पुलिस अधीक्षक, दुर्ग,राम अवतार पटेल, सउनि हाल उप निरीक्षक जिला दंतेवाड़ा,डिलेश्वर कुमार सोनवानी, प्लाटून कमाण्डर हॉल कंपनी कमाण्डर,एसटीएफ, बघेरा- दुर्ग,हजारी लाल मौर्य, सउनि हाल उप निरीक्षक जिला दंतेवाड़ा,सुक्कू राम नुरेटी, उप निरीक्षक हाल निरीक्षक जिला नारायणपुर,बलराम उसेण्डी, उप निरीक्षक हाल निरीक्षक जिला नारायणपुर,राजकुमार सलाम, प्रधान आरक्षक, जिला कोण्डागांव एवं हरिशंकर प्रताप सिंह कंवर, निरीक्षक, विआशा राजनांदगांव को विभूषित किये जाने की घोषणा की गई है। विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्टपति पुलिस पदक से संजीव शुक्ला, पुलिस उप महानिरीक्षक, अअवि, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर एवं बिश्नु प्रसाद देशमुख, निरीक्षक, विआशा, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर को विभूषित किये जाने की घोषणा की गई है। सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सुन्दरराज पट्टीलिंगम्, पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज,ओम प्रकाश पाल, पुलिस महानिरीक्षक, रायपुर रेंज, हाल विआशा, पु.मु. नवा रायपुर,राजेश कुकरेजा, ओएसडी, सारंगढ़-बिलाईगढ़,विजय कुमार,अति.पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ, बघेरा-दुर्ग,रति राम, कंपनी कमांण्डर, 19वीं पोखरण वाहिनी, छसबल, जगदलपुर, रामनरेश यादव, उप निरीक्षक, थाना-मानपुर, जिला राजनांदगांव, जितेन्द्र सिंह, सहा. उप निरीक्षक, अअवि. पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर, खेमराज, सहा. उप निरीक्षक, थाना परतापुर, जिला कांकेर, एन.रमैय्या राव, प्रधान आरक्षक, विआशा, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर एवं जयंत कुमार पैंकरा, प्रधान आरक्षक, एसटीएफ, बघेरा-दुर्ग को विभूषित किये जाने की घोषणा की गई है। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने पदक से सम्मानित सभी पुलिस अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

**'अग्निवीर योजना' का क्रियान्वयन भी सैन्य सुधारों की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है**

# अग्निवीर योजना महत्वपूर्ण सैन्य सुधार : राजनाथ

**वार्ता ◀ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेनाओं में जवानों की भर्ती के लिए शुरू की गयी अग्निवीर योजना का एक बार फिर समर्थन करते हुए कहा है कि यह सैन्य सुधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सिंह ने देश के 76 वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सैनिकों के नाम संबोधन में अग्निवीर योजना को लेकर विपक्ष द्वारा मचाये जा रहे बवाल के बीच कहा, प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार 'अग्निवीर योजना' का क्रियान्वयन भी सैन्य सुधारों की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। इस योजना के अंतर्गत चुने गए युवा 'अग्निवीर' होंगे। 'अग्निपथ' देशभक्ति से ओत-प्रोत युवाओं को चार वर्ष की अवधि के लिए सशस्त्र सेनाओं में सेवा करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने चार वर्ष का कार्यकाल पूरा करने वाले अग्निवीरों के हितों को ध्यान में रखते हुए कई प्रभावी कदम उठाये हैं और इनकी घोषणा की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि विपक्ष अग्निवीर योजना को लेकर लगातार सरकार पर हमलावर है और इसे सेनाओं को कमजोर तथा युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बनाने वाला कदम बता रहा है। सिंह ने सशस्त्र सेनाओं की वीरता का उल्लेख करते हुए कहा,



÷हमारी सेनाओं ने अब तक हुए युद्धों में शानदार प्रदर्शन किया है। भविष्य में होने वाले युद्धों की जरूरतों एवं जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए हम तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण की दिशा में बहुत तेजी से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसे ध्यान में रखते हुए मुंबई, गुवाहाटी और पोर्ट ब्लेयर में संयुक्त 'लाजिस्टिक नॉड' स्थापित किये गए हैं जो सशस्त्र सेनाओं को उनके छोटे हथियारों, गोला बारूद, राशन, ईंधन, जनरल स्टोर के सामान, असैन्य लोगों के परिवहन, विशेष कपड़ों और अन्य सामानों के लिए कवर प्रदान करेंगे और उनके अभियानों के प्रयासों के बीच तालमेल के लिए इंजीनियरिंग सहयोग भी प्रदान करेंगे। रक्षा मंत्री ने कहा,÷ हमारी सेनाओं ने एलएसी, एलओसी, अंतर्राष्ट्रीय सीमा , समुद्री सीमा पर उच्च स्तर की सतर्कता और सुरक्षा बनाए रखी है। हमारी सेनाएँ किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूर्णतः सक्षम हैं। उनकी आवश्यकताओं की हरसंभव पूर्ति की जा रही है। विभिन्न कालखंडों में देश की वीरांगनाओं की वीरता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, ÷ आज मुझे पूर्ण विश्वास है, कि सशस्त्र सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर एवं भारत की राष्टपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के नेतृत्व में हम राष्ट की रक्षा के नए आयाम स्थापित करेंगे। उन्होंने सेनाओं में महिलाओं की भागीदारी बढाने के लिए चलायी जा रही योजनाओं और घोषणाओं का भी उल्लेख किया। संबोधन के शुरू में ही उन्होंने सभी सैनिकों के प्रति राष्ट की ओर से आभार भी प्रकट किया। उन्होंने कहा, ÷ इस पावन अवसर पर सम्पूर्ण राष्ट हर्षोल्लास से ओत-प्रोत है। उत्तर में हिमालय की चोटियों से लेकर दक्षिण के महासागर एवं थार के मरुस्थल से लेकर पूर्वोत्तर के जंगलों तक, राष्ट्ररक्षा की प्रथम पंक्ति में डटे थलसेना, नौसेना, वायुसेना एवं तटरक्षक बल के वीर सैनिकों, एवं सैन्य अधिकारियों को इस अमृत महोत्सव पर मैं कृतज्ञ राष्ट की ओर से हार्दिक शुभकामनायें देता हूँ। मैं उन वीर पूर्व-सैनिकों को भी बधाई देता हूँ, जिन्होंने राष्ट पर अपना पूरा जीवन न्योछावर कर दिया।






















समस्त प्रदेशवासियों को

# स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

HAPPY *Independence Day*





**डॉक्टर पार्वती कुर्रे**

प्रदेश अध्यक्ष
महिला सतनामी समाज छत्तीसगढ़
प्रदेश अध्यक्ष
राष्ट्रीय मानव कल्याण परिषद छत्तीसगढ़

शुभेच्छु

**महेश्वर कुर्रे**

समाज सेवक

# विभाजन-विभीषिका दिवस सामाजिक सद्भाव, मानव सशक्तिकरण और एकता के लिए: मुर्मू

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देशवासियों के नाम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पहला संबोधन

वार्ता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



विभाजन -विभीषिका स्मृति दिवस को लेकर विपक्ष द्वारा उठाये जा रहे सवालों के बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि इस स्मृति दिवस को मनाने का उद्देश्य सामाजिक सद्भाव, मानव सशक्तिकरण और एकता को बढ़ावा देना है।

मुर्मू ने रविवार शाम 76 वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा , 14 अगस्त के दिन को विभाजन-विभीषिका स्मृति-दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस स्मृति दिवस को मनाने का उद्देश्य सामाजिक सद्भाव, मानव सशक्तीकरण और एकता को बढ़ावा देना है।

गौरतलब है कि मोदी सरकार ने पिछले वर्ष 14 अगस्त को घोषणा की थी कि 1947 में विभाजन के दौरान भारतीयों के कष्टों और बलिदानों की राष्ट्र को याद दिलाने के लिए 14 अगस्त को सालाना 'विभजन विभिषिका स्मृति दिवस' या 'विभाजन भयावह स्मरण दिवस' के रूप में याद किया जाएगा।

कांग्रेस ने इसका विरोध करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर मौके का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए करते हैं और इस बार विभाजन विभीषिका 'स्मृति दिवस' मनाकर वह बंटवारे की त्रासदी का राजनीतिक लाभ लेने के लिए कर रहे हैं।

मुर्मू ने कहा कि देश में संवेदनशीलता व करुणा के जीवन-मूल्यों को प्रमुखता दी जा रही है। इन जीवन-मूल्यों का मुख्य उद्देश्य हमारे वंचित, जरूरतमंद तथा समाज के हाशिये पर रहने वाले लोगों के कल्याण हेतु कार्य करना है। उन्होंने कहा, आज देश में स्वास्थ्य, शिक्षा और अर्थ-व्यवस्था तथा इनके साथ जुड़े अन्य क्षेत्रों में जो अच्छे बदलाव दिखाई दे रहे हैं उनके मूल में सुशासन पर विशेष बल दिए जाने की प्रमुख भूमिका है।

उन्होंने कहा कि देश के नए आत्म-विश्वास का स्त्रोत युवा, किसान और सबसे बढ़कर देश की महिलाएं हैं। महिलाएं अनेक रूढ़ियों और बाधाओं को पार करते हुए आगे बढ़ रही हैं। सामाजिक और राजनीतिक प्रक्रियाओं में उनकी बढ़ती भागीदारी निर्णायक साबित होगी। आज हमारी पंचायती राज संस्थाओं में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की संख्या चौदह लाख से कहीं अधिक है। हमारे देश की बहुत सी उम्मीदें हमारी बेटियों पर टिकी हुई हैं। समुचित अवसर मिलने पर वे शानदार सफलता हासिल कर सकती हैं। हमारी बेटियां फाइटर पायलेट से लेकर स्पेस साइंटिस्ट होने तक हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं।

मुर्मू ने कहा कि पिछले वर्ष से हर 15 नवंबर को 'जन-जातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने का सरकार का निर्णय स्वागत-योग्य है। देश के जन-जातीय महानायक केवल स्थानीय या क्षेत्रीय प्रतीक नहीं हैं बल्कि वे पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। कोरोना महामारी के दौरान देश की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, हमने देश में ही निर्मित वैक्सीन के साथ मानव इतिहास का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू किया। पिछले महीने हमने दो सौ करोड़ वैक्सीन कवरेज का आंकड़ा पार कर लिया है। इस महामारी का सामना करने में हमारी उपलब्धियां विश्व के अनेक विकसित देशों से अधिक रही हैं।

उन्होंने कहा कि जब दुनिया कोरोना महामारी के गंभीर संकट के आर्थिक परिणामों से जूझ रही थी तब भारत ने स्वयं को संभाला और अब पुनः तीव्र गति से आगे बढ़ने लगा है। इस समय भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही प्रमुख अर्थ-व्यवस्थाओं में से एक है। उन्होंने कहा, हमारा संकल्प है कि वर्ष 2047 तक हम अपने स्वाधीनता सेनानियों के सपनों को पूरी तरह साकार कर लेंगे।

मूर्म ने देश की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले तथा इस दौरान अपने प्राणों का बलिदान देने वाले देश के महान सपूतों को याद करते हुए कहा कि उन लोगों ने अपना सर्वस्व इसलिए बलिदान कर दिया कि नागरिक खुली हवा में सांस ले सकें। लोकतांत्रिक परंपराओं और देश में लोकतंत्र की मजबूत जड़ों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, अधिकांश लोकतान्त्रिक देशों में वोट देने का अधिकार प्राप्त करने के लिए महिलाओं को लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा था। लेकिन हमारे गणतंत्र की शुरुआत से ही भारत ने सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार को अपनाया। आज़ादी का अमृत महोत्सव' मार्च 2021 में दांडी यात्रा की स्मृति को फिर से जीवंत रूप देकर शुरू किया गया।

उन्होंने कहा कि आजादी के संघर्ष ने देश की दुनिया में अलग छवि बनायी। उन्होंने कहा, उस युगांतरकारी आंदोलन ने हमारे संघर्ष को विश्व-पटल पर स्थापित किया। उसे सम्मान देकर हमारे इस महोत्सव की शुरुआत की गई। यह महोत्सव भारत की जनता को समर्पित है।

राष्ट्रपति ने कहा, जब हमारे पर्यावरण के सम्मुख नई-नई चुनौतियां आ रही हैं तब हमें भारत की सुंदरता से जुड़ी हर चीज का दृढ़तापूर्वक संरक्षण करना चाहिए। जल, मिट्टी और जैविक विविधता का संरक्षण हमारी भावी पीढ़ियों के प्रति हमारा कर्तव्य है। हमारे पास जो कुछ भी है वह हमारी मातृभूमि का दिया हुआ है। इसलिए हमें अपने देश की सुरक्षा, प्रगति और समृद्धि के लिए अपना सब कुछ अर्पण कर देने का संकल्प लेना चाहिए।

अंत में उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, मैं भारत के सशस्त्र बलों, विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों और अपनी मातृभूमि को गौरवान्वित करने वाले प्रवासी-भारतीयों को स्वाधीनता दिवस की बधाई देती हूं।

राष्ट्रपति के तौर पर स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देशवासियों के नाम उनका यह पहला संबोधन था।

### पीएम मोदी और अन्य ने विभाजन त्रासदी में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी के अन्य नेताओं ने रविवार को 1947 में भारत के विभाजन में अपनी जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी। मोदी ने एक ट्वीट में उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाई। साथ ही इसे विभाजन भयावह स्मरण दिवस को चिह्नित किया। मोदी ने कहा, विभाजन भयावह स्मरण दिवस पर, मैं उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि देता हूं, जिन्होंने विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाई । शाह ने कहा, वर्ष 1947 में देश का विभाजन भारतीय इतिहास का वह अमानवीय अध्याय है जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता है। विभाजन की हिंसा और नफरत ने लाखों लोगों की जान ले ली और असंख्य लोगों को विस्थापित किया। 'विभाजन भयावह स्मरण दिवस' पर, मैं उन लाखों लोगों को नमन करता हूं, जिन्हें विभाजन का खामियाजा भुगतना पड़ा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी देश के विभाजन के दौरान जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, बंटवारे के दर्द को न भूल पाने के बावजूद एक नयी शुरुआत करने वालों को सलाम। यह देश बंटवारे की भयावहता को कभी नहीं भूलेगा। गौरतलब है कि मोदी ने 14 अगस्त, 2021 को घोषणा की कि 1947 में विभाजन के दौरान भारतीयों के कष्टों और बलिदानों की राष्ट्र को याद दिलाने के लिए 14 अगस्त को सालाना 'विभजन विभिषिका स्मृति दिवस' या 'विभाजन भयावह स्मरण दिवस' के रूप में याद किया जाएगा।

## प्रवासी भारतीयों ने हांगकांग में लहराया हर घर तिरंगा

वार्ता हांगकांग
www.dailypioneer.com



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर घर तिरंगा पहल का समर्थन करते हुए हांगकांग में प्रवासी भारतीयों ने आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' सामूहिक अभियान के साथ स्वतंत्रता दिवस की खुशी मनाई। इस अवसर अपने भारत प्रेम और प्रधानमंत्री के प्रति अपने समर्थन व सम्मान को दशार्ते हुए ओएफबीजेपी हांगकांग और चीन ने गर्व के साथ 'हर घर तिरंगा फॉर हांगकांग इंडियंस' के माध्यम से हर घर तिरंगा में अपनी भागीदारी की घोषणा की है। ओएफबीजेपी हांगकांग और चीन के अध्यक्ष सोहन गोयनका ने कहा हमारा मकसद 'भारत को भारतीयों तक पहुंचाना' है। हम हांगकांग में हर भारतीय तक तिरंगा वितरित कर रहे हैं। ओएफबीजेपी हांगकांग और चीन ने हर भारतीय के घरों और ऑफिस के लिए 6000 से अधिक तिरंगे वितरित किये है। हांगकांग में बसे सभी भारतियों ने खुशी-खुशी मातृभूमि की जय-जयकार कर आजादी का अमृतमहोत्सव मनाया। उपाध्यक्ष, राजू सबनानी, रमाकांत अग्रवाल, अजय जकोटिया, राजू शाह, कुलदीप एस. बुट्टर, सोनाली वोरा अभियान के समर्थन में आए और इन सभी की मेहनत और समर्पण के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान हांगकांग में सफलतापूर्वक संभव हो पाया। ओएफबीजेपी हांगकांग और चीन के महासचिव शशि भूषण ने कहा हमें अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हर घर तिरंगा पहल में भाग लेने पर बहुत गर्व है, जिन्होंने इस अभियान के साथ भारतियों को देश व विदेश में एकजुट कर दिया है। हजारों एनआरआई ने हर घर तिरंगे में भाग लिया और राष्ट्र प्रेम में अपने घर, कार्यालयों में झंडा फहराया।

## स्वतंत्रता दिवस पर 1,082 जवानों को पुलिस पदक

पायनियर संवाददाता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




गृह मंत्रालय ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 1,082 जवानों को पुलिस पदक से सम्मानित किये जाने की घोषणा की है। गृह मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि इनमें से 347 को वीरता के लिए पुलिस पदक हैं और सबसे अधिक पदक जम्मू कश्मीर को मिले हैं। बयान के अनुसार 347 वीरता पुरस्कारों में से अधिकांश 204 कर्मियों को जम्मू और कश्मीर में उनकी वीरता के लिए, वामपंथी चरमपंथ प्रभावित क्षेत्रों में 80 कर्मियों को उनकी वीरता के लिए और पूर्वोत्तर क्षेत्र में वीरता के लिए 14 कर्मियों को सम्मानित किया गया। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 109 जवानों को वीरता पुरस्कार, जम्मू-कश्मीर पुलिस के 108 जवानों, बीएसएफके 19 जवानों, महाराष्ट्र के 42, छत्तीसगढ़ के 15 वीरता पदक मिले है तथा शेष अन्य राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों और सीएपीएफ से हैं। विशिष्ट सेवा के लिए 87 जवानों को राष्ट्रपति पुलिस पदक, और सराहनीय सेवा के लिए 648 को पुलिस पदक भी दिए जाएंगे। स्वतंत्रता दिवस से पहले पुलिस पदकों के अलावा, वीरता के लिए राष्ट्रपति पदक और विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक के साथ-साथ अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होमगार्ड के कर्मियों को वीरता पदक और सराहनीय सेवा पदक प्रदान किए गये। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 55 कर्मियों को अग्निशमन सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। इनमें से 11 कर्मियों को उनकी वीरता और शौर्य के लिए अग्निशमन सेवा पदक प्रदान किया गया। विशिष्ट सेवा के लिए छह कर्मियों को राष्ट्रपति अग्निशमन सेवा पदक और सराहनीय सेवा के लिए तथा संबंधित विशिष्ट और मेधावी सेवाओं के 38 कर्मियों को अग्निशमन सेवा पदक प्रदान किया है। विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा पदक तथा सराहनीय सेवा के लिए होमगार्ड सात और 37 नागरिक सुरक्षा पदक प्रदान किए हैं।



# बाढ़ संभावित पुल पर आवागमन रोकने प्रशासन की टीम तैनात, एहतियात के लिए कराई जा रही मुनादी

## कलेक्टर रजत बंसल ले रहे है पल पल की जानकारी, सहायता के लिए कंट्रोल रुम स्थापित व नम्बर जारी

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





कलेक्टर रजत बंसल ने जिले में हो रही लगातार वर्षा एवं बाढ़ की सम्भावित स्थिति को देखते हुए नागरिकों से सुरक्षित रहने की अपील की है। वह लगातार स्थिति पर नजर बनाएं हुए है। सम्बंधित अधिकारियों से पल पल की जानकारी लेते हुए बाढ़ तथा आपदा से बचाव के संबंध में आवश्यक निर्देश देंगे। कलेक्टर ने सेमरिया,गिधौरी, जोधरा,अमेठी घाट में पुल से ऊपर से पानी बहने की स्थिति को देखते हुए प्रशासन की टीम को तैनात रहने और बाढ़ वाले सम्भावित स्थानों में लगातार मुनादी करने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त जिलें के सभी बाढ़ संभावित पुल पर आवागमन भी रोक दी गई है। बाढ़ और अप्रिय स्थिति से निपटने हेतु एवं नागरिकों की सुरक्षा के लिए आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी जो कि 24 घण्टा सक्रिय रहेगा जिसका हेल्पलाइन नम्बर - 07727-223697 है। जिसमे विभिन्न अधिकारियों की रूटीन में ड्यूटी लगाई गयी है। आज शाम 5 बजे तक डिप्टी कलेक्टर रतन दुबे 87709-55318 एवं 5 बजे के बाद डिप्टी कलेक्टर 91655- 06006 की ड्यूटी लगाई गयी है। जिले के आम नागरिकों को बाढ़ से किसी भी तरह की समस्या होती है तो उक्त नम्बर से सहायता ले सकते है। साथ ही आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकतें है। कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोण्डे 94255-23514,सहायक नोडल अधिकारी विकास गढ़ेवाल 90396-64487 पुलिस नियंत्रण कक्ष 62621-55100 जिला चिकित्सालय नियंत्रण कक्ष 07727-223532 जिला सेनानी नगर सेना- 72229- 20390 जारी किया गया है। कलेक्टर बंसल ने सभी नागरिकों से भी अपील की है कि वे सतर्क रहें और न ही पुल पार करे और बाढ़ वाले क्षेत्रों में न जाए। उन्होंने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को सतर्कता बरतने और किसी भी स्थिति से निपटने तैयार रहने निर्देश दिया है। गौरतलब है कि जिले में लगातार हो रही बारिश से शिवनाथ एवं महानदी में बाढ़ जैसे हालत बन रहे हैं। जिससे नदी के निचली गांवों में पानी भरने से बाढ़ की स्थिति बन रही है। लोगो को आवश्यकता अनरूप सुरक्षित जगह में पहुँचाया जा रहा है। शिवरीनारायण में शबरी सेतु के ऊपर लगभग 1.5 फीट पानी आ चुका है,सेतु में बैरिकेडिंग व ड्यूटी लगा कर दोनों तरफ से आवागमन बंद करा दिया गया है।

गिधौरी के रिहायशी इलाको तक पानी नहीं पहुंचा है, एहतियातन मुनादी करवा दी गई है। सभी जगह प्रशासन सतर्क है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी कर ली गयी है। अभी तक जान माल के नुक़सान की सूचना नही है।

## आत्महत्या के लिये दुष्प्रेरित करने वाला आरोपी पति गिरफ्तार



आरोपी को थाना बम्हनीडीह पुलिस ने पहुंचाया सलाखों के पीछे

**जांजगीर-चांपा।** थाना बम्हनीडीह के धारा 174 जा.फौ. की जांच में पाया गया कि मृतिका का पति अजय शर्मा उम्र 49 वर्ष अपने पत्नी को मारपीट कर प्रताड़ित करता था जिससे परेशान होकर मृतिका अपने ऊपर मिट्टी तेल डालकर आत्महत्या करना पाये जाने पर आरोपी पति के विरूद्ध थाना बम्हनीडीह में धारा 306 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवाहिता की आत्महत्या जैसे गंभीर प्रकरण होने से मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए तत्काल बम्हनीडीह पुलिस द्वारा आरोपी के घर में रहने की सूचना प्राप्त होने पर आरोपी पति अजय शर्मा निवासी सोंठी को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया। आरोपी पति अजय शर्मा उम्र 49 वर्ष निवासी सोंठी थाना बम्हनीडीह को दिनांक 14 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। आरोपी की गिरफ्तारी एवं विवेचना कार्यवाही में निरीक्षक सुनीता नाग बंजारे, सउनि संतोष बंजारे, प्र.आर. रोहित नेताम एवं आर. लक्ष्मीनारायण कश्यप का सराहनीय योगदान रहा।




# आजादी के अमृत महोत्सव में तिरंगा यात्रा का आयोजन



**बाराद्वार।** हर घर तिरंगा ,घर का तिरंगा, भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे के साथ भारतीय जनता पार्टी मंडल बाराद्वार के समस्त पदाधिकारी युवा मोर्चा के के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर बाराद्वार में बाइक रैली निकाली गई जिसमें रेस्ट हाउस से सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ नगर भ्रमण हेतु बाइक एवं हाथों में तिरंगा धारण कर बस स्टैंड से कन्या शाला अग्रसेन चौक सम्राट चौक मोदी चौक से होकर जैजैपुर चौक होते हुए नगर भ्रमण करते हुए फाटक पार वार्ड क्रमांक एक दो तीन एवं चार सभी वार्डों में तिरंगे के साथ कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली व आम नागरिकों में हिंदू राष्ट्र विभावना को प्रेरित करते हुए उत्साह व उमंग जगाया इसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक खिलावन साहू मंडल अध्यक्ष संतोष राठौड़ युवा मोर्चा के अध्यक्ष जयप्रकाश साहू दीपक ठाकुर चंद्रशेखर शर्मा गजेंद्र राठौर राजेश अग्रवाल गोविंदा साहू ओमप्रकाश कुर्रे मेघनू भैना रोशन पटेल आयुष्मान शर्मा विश्रधर महंत शंकर दास मानिकपुरी अन्य भारतीय जनता पार्टी के विशेष कार्यकर्ता शामिल रहे।

राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त के 75वीं वर्षगांठ पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ग्राम पंचायत- गहिरा
अजय कुमार वर्मा, सरपंच
शंभूराम साहू, सचिव

राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त के 75वीं वर्षगांठ पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ग्राम पंचायत- केवतरा
कुमेश्वर यादव, सरपंच
जगतारण कौशल, सचिव

राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त के 75वीं वर्षगांठ पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ग्राम पंचायत-खुरुसबोड़
दौलत सिंह राजपूत, सरपंच
सुरेश राम सिन्हा, सचिव
विनीतः- समस्त ग्रामवासी, जनपद पंचायत-साजा

राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त के 75वीं वर्षगांठ पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ग्राम पंचायत-केहका
हेमलता सिन्हा, सरपंच
कुंवर सिंह ठाकुर, सचिव
विनीतः- समस्त ग्रामवासी, जनपद पंचायत-साजा

राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त के 75वीं वर्षगांठ पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ग्राम पंचायत-बीजागोड़
ईश्वर वर्मा, सरपंच
शिवप्रसाद जघेल, सचिव
विनीतः- समस्त ग्रामवासी, जनपद पंचायत-साजा

राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त के 75वीं वर्षगांठ पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ग्राम पंचायत-सम्बलपुर
सतरूपा वर्मा, सरपंच
हारिका साहू, सचिव
विनीतः- समस्त ग्रामवासी, जनपद पंचायत-साजा

राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त के 75वीं वर्षगांठ पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ग्राम पंचायत-काँचरी
मोंगरा बाई साहू, सरपंच
दिनेश कुमार साहू, सचिव
विनीतः- समस्त ग्रामवासी, जनपद पंचायत-साजा

राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त के 75वीं वर्षगांठ पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ग्राम पंचायत-भरदालोधी
यामिनी वर्मा, सरपंच
निशीकांत प्रजापति, सचिव
विनीतः- समस्त ग्रामवासी, जनपद पंचायत-साजा

राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त के 75वीं वर्षगांठ पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ग्राम पंचायत-मातरा
ज्योति बाई मेहर, सरपंच
फागराम साहू, सचिव
विनीतः- समस्त ग्रामवासी, जनपद पंचायत-साजा

राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त के 75वीं वर्षगांठ पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ग्राम पंचायत-बेलगाँव
उत्तरा कुमारी मेहर, सरपंच
तिलक साहू, सचिव
विनीतः- समस्त ग्रामवासी, जनपद पंचायत-साजा

# देश को स्वाधीन कराने तथा राष्ट्र व समाज के नव निर्माण में आदिवासियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : भूपेश बघेल

## आदिवासी सामुदायिक भवन का निर्माण, मुख्य मार्ग गुरूर में शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा का स्थापना, प्री.मैट्रिक छात्रावास एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के जीर्णोद्धार सहित विभिन्न विकास कार्यों की दी सौगात

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि देश को स्वाधीन कराने तथा राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में आदिवासी समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बघेल ने कहा कि पूरे देश की भांति हमारे छत्तीसगढ़ में भी शहीद गुण्डाधुर, परलकोट के जमींदार शहीद गैंदसिंह नायक, सोनाखान के जमींदार शहीद वीर नारायण सिंह सहित अनेक आदिवासी महापुरूषों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति का शंखनाद कर अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। उन्होंने आदिवासी समाज को शांत, सरल एवं मेहनतकश समाज बताते हुए कहा कि हमारी सरकार आदिवासियों के विकास एवं उनके हितों के संरक्षण के लिए कटिबद्ध है। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई एवं




शुभकामनाए भी दी। मुख्यमंत्री बघेल बालोद जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कोलिहामार में आदिवासी गोंडवाना सेवा समिति तहसील गुरूर द्वारा आयोजित विश्व आदिवासी दिवस समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। बघेल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंडिया, संसदीय सचिव एवं गोण्डवाना समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिशुपाल शोरी, संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, संजारी-बालोद की विधायक संगीता सिन्हा, गोंडवाना समाज के प्रदेश अध्यक्ष नीलकंठ टेकाम सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

### पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास खोलने की भी घोषणा

इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने ग्राम नारांगाव के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. सुकालू राम कड़ियाम, स्व.बिसाहू राम गायकवाड़, स्व.पीताम्बर मंडावी, स्व.सरजू राम मंडावी सहित चारों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मृति को चिरस्थायी बनाने हेतु उनके प्रतिमा का निर्माण करने के लिए 20 लाख रूपए तथा शासकीय महाविद्यालय गुरूर का नामकरण क्षेत्र की प्रथम आदिवासी विधायक डारन बाई तारम के नाम से करने, आदिवासी सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार हेतु 50 लाख रूपए, प्री.मैट्रिक बालक छात्रावास के 20 सीट को बढ़ाकर 50 सीट किए जाने तथा जीर्णोद्धार हेतु 20 लाख रूपए, मुख्य मार्ग गुरूर में शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा स्थापित करने के लिए 10 लाख रूपए तथा बालोद के बुढ़ातालाब का सौंदर्यीकरण कराने और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर का जीर्णोद्धार कराने की घोषणा की है। इसके अलावा उन्होंने ग्राम कोलिहामार ग्राम के विकास के लिए 20 लाख रूपए की राशि स्वीकृत करने तथा विकासखण्ड मुख्यालय गुरूर में पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास खोलने की घोषणा भी की।

**सरकार के द्वारा 65 प्रकार के वनोपजों की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जा रही है**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने आदिवासियों के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्गों के विकास एवं कल्याण हेतु राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार समाज के सभी वर्गों के साथ-साथ किसान एवं मजदूरों को भी सबल एवं आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। इसके लिए राज्य सरकार के द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहिन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना आदि महत्वपूर्ण योजनाए संचालित की जा रही है।

# दादरगढ़ में सीआरपीएफ के जवानों और स्कूली बच्चों ने निकाली जन जागरूकता रैली



पायनियर संवाददाता ‹ केशकाल
www.dailypioneer.com

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर समूचे देश मे मनाए जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत गत दिवस ग्राम दादरगढ़ स्थित सीआरपीएफ 188वीं बटालियन के जवानों ने जन जागरूकता रैली निकाली साथ ही रक्षाबंधन का त्योहार भी बनाया।

आपको बता दें कि इस कार्यक्रम का आयोजन सीआरपीएफ आयोजन 188 बटालियन के कमांडेंट भावेश चौधरी के मार्गदर्शन में डिप्टी कमांडेंट कमल सिंह मीणा व निरीक्षक नवीन कुमार निराला के नेतृत्व मे कम्पनी के जवानों के द्वारा गांव में जन जागरूकता रैली निकाली। जिसमें सरस्वती शिशु मन्दिर गढपिछवाडी जिला कांकेर की प्राचार्या संगीता साहू व आचार्य सन्तोष श्रीवास्तव व स्कूली बच्चों ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत जन जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को इस अभियान में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया।

इस दौरान 188वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंट कमलसिंह मीणा ने लोगो को आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी के अमृत महोत्सव पर अपने-अपने घरो पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया तथा हम सभी अपने देश के प्रति राष्ट्र प्रेम की भावना के साथ हर घर तिरंगा फहराने के लिए जागरुक किया गया। साथ ही स्कूली छात्राओं ने सभी जवानो की कलाई पर राखी बाँध कर मिठाई खिलाई और जवानों का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान 188वीं बटालियन ई कम्पनी के सभी अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

# जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने निकाली तिरंगा बाइक रैली, हर घर में तिरंगा लगाने की अपील

पायनियर संवाददाता ‹ केशकाल
www.dailypioneer.com

आजादी के 75वीं वर्षगांठ पर देशभर में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने एवं आम जनता को इस अभियान मे भाग लेने के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से केशकाल एसडीएम कार्यालय से तिरंगा रैली निकाली गयी। यह बाइक रैली केशकाल एसडीएम कार्यालय से निकल कर सुरडोंगर, गौरगांव, कोहकामेटा, सिदावंड, गुडरीपारा, प्रधानचेर्रा, अड़ेंगा व ब्यालपुर होते हुए वापस बस स्टैंड में आकर समाप्त हुई। इस दौरान विभिन्न ग्रामों में स्कूली बच्चों व ग्रामीणों ने रैली का स्वागत किया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष महेंद्र नेताम व नगर



पंचायत अध्यक्ष रोशन जमीर खान ने समस्त ग्रामवासियों से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की घोषणा के अनुरूप आप सभी क्षेत्रवासियों से मेरा अनुरोध है कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक आप सभु अपने घरों में तिरंगा झंडा अवश्य लगाएं। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष महेंद्र नेताम, नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन जमीर खान, उपाध्यक्ष बिहारीलाल शोरी, एसडीएम शंकरलाल सिन्हा, एसडीओपी भूपत सिंह, तहसीलदार आशुतोष शर्मा, थाना प्रभारी राजेन्द्र मंडावी समेत स्थानीय पत्रकार एवं समस्त विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए हैं।

## कोण्डागांव में कुंवर सिंह निषाद करेंगे ध्वजारोहण

**कोण्डागांव।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को प्रातः 9 बजे पूर्व वर्ष भांति विकास नगर स्टेडियम में मुख्य समारोह आयोजित होगा। जिसमें मुख्य अतिथि संसदीय सचिव कुँवर सिंह निषाद द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मुख्य समारोह में प्रातः 8:55 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा, इसके पश्चात प्रातः 9:05 बजे राष्ट्रगान होगा। वहीं प्रातः 9:06 बजे पुलिस बल, केन्द्रीय अर्ध्दसैनिक बल एवं नगर सेना द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी जायेगी। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया जायेगा और रंग-बिरंगे गुब्बारे एवं श्वेत कपोत आकाश में छोड़े जायेंगे। मुख्य अतिथि द्वारा शहीद जवानों के परिवारों को सम्मानित किया जायेगा। वहीं उत्कृष्ट दायित्व निर्वहन करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करेंगे।

# राज्य के सभी शासकीय, निजी और अनुदान प्राप्त स्कूलों में 'हमर तिरंगा' कार्यक्रम का होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

देश की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राज्य के सभी शासकीय, निजी एवं अनुदान प्राप्त स्कूलों में ''हमर तिरंगा'' कार्यक्रम 20 से 30 अगस्त 2022 तक आयोजित किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन ने सभी कलेक्टरों, सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला मिशन समन्वयकों को स्कूलों में ''हमर तिरंगा'' कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

सचिव स्कूल शिक्षा द्वारा भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि इस वर्ष 15 अगस्त 2022 को भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे हो जाएंगे। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे करने के अवसर पर हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ में 'हमर तिरंगा' के नाम से जन समुदाय के साथ मिलकर सभी शासकीय, निजी एवं अनुदान प्राप्त स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मुख्य रूप से जन-जन में देशभक्ति की भावना का प्रचार-प्रसार करना, शहीदों की गाथाएं जन-जन तक पहुंचाना एवं सभी नागरिकों में देश के प्रति समर्पित रहने की भावना विकसित करते हुए वर्तमान सन्दर्भ में आजादी के असली अर्थ को समझाते हुए निरक्षरता के चंगुल से आजादी पाकर सभी को बेहतर गुणवत्ता की शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराना है। ''हमर तिरंगा'' कार्यक्रम की इन्हीं भावनाओं से ओत-प्रोत होकर 20 से 30 अगस्त 2022 के मध्य राज्य के सभी सरकारी, निजी एवं अनुदान प्राप्त शालाओं में समुदाय को साथ लेकर विभिन्न कार्यक्रमों को समारोहपूर्वक धूम-धाम से आयोजित किया जाएगा। सभी ग्रामों में इन आयोजनों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। राज्य में 20 अगस्त से 30 अगस्त 2022 तक 'हमर तिरंगा' कार्यक्रम के तहत स्कूलों में प्रतिदिन आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के साथ-साथ कक्षा ग्यारहवी एवं बारहवीं के विद्यार्थियों को निकट के थियेटर अथवा स्मार्ट कक्षाओं में ''गांधी'' फिल्म दिखाई जाएगी। इस फिल्म के प्रदर्शन हेतु जिले में तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों को दिए गए हैं। कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों से कहा गया है कि जिले में उपलब्ध सिनेमा हाल से संपर्क कर शासन की ओर से 20 से 30 अगस्त 2022 तक प्रतिदिन स्कूल अवधि के दौरान किसी उचित समय का निर्धारण कर एक शो कक्षा ग्यारहवी एवं बारहवी के बच्चों के लिए निःशुल्क दिखाया जाना तय करवाएं। जिले में उपलब्ध थियेटर जहां इन शो का प्रदर्शन किया जा सके एवं उनके आस-पास की शालाओं को मैपिंग करते हुए थियेटर में बैठक क्षमता के आधार पर शालाओं को इस अवधि में उनके विद्यार्थियों को शो के लिए समय पर लाने की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित करें। ध्यान रखें कि शालाओं से निर्धारित संख्या में बच्चे इस शो को देखने समय पर उपस्थित होने चाहिए।

## आजादी की अमृत महोत्सव, तिरंगा यात्रा के साथ किया भारत माता की महाआरती



पायनियर संवाददाता ‹ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं ने आजादी की अमृत महोत्सव को लेकर नगर में तिरंगा यात्रा निकाली और तिरंगा की आन बान शान को सम्मान देने का आह्वान किया। भैया बहनों मित्रता 10 बजे स्कूल से यह तिरंगा यात्रा निकाली इस दौरान तिरंगे झंडे की जयघोष के साथ बैंड पार्टी जयघोष दल के साथ नगर के विभिन्न मार्गो में पहुंची और बाबा सतराम साहब चौक में एकत्र होकर भारत माता की आरती महाआरती की गई। इसके बाद तिरंगा यात्रा वापस स्कूल पहुंची इस दौरान छात्र-छात्राओं व स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।संस्था के प्राचार्य थानुराम सिन्हा ने बताया आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर यह तिरंगा यात्रा निकाली गई थी हर घर तिरंगा हर घर झंडा स्लोगन को लेकर यह संदेश दिया गया साथ ही तिरंगा झंडे की सम्मान का भी ख्याल रखने के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

# जमने लगा आजादी जश्न का माहौल, घर-घर लहरा रहा तिरंगा

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अपील पर पूरे जिले सहित रायपुर शहर में भी आजादी के जश्न का माहौल जमने लगा है। हमर तिरंगा अभियान के तहत गांव-गांव, शहर-शहर, घर-घर, दुकानों-ऑफिसों में नगर वासी तिरंगा झण्डे लहरा रहे है। आजादी की अमृत महोत्सव के तहत छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अपील पर 11 से 17 अगस्त तक हमर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में शहरवासी मुख्यमंत्री के आह्वान पर घर-घर तिरंगा फहराने के लिए शहरवासी खासे उत्साहित है। शहर के अधिकांश घरों में राष्ट्र की पहचान तिरंगा झण्डा आन-बान और शान से लहरा रहा है। नगर वासी अपने घरों में



तो तिरंगा झण्डा फहरा ही रहें है साथ ही आस-पड़ोस के दूसरे लोंगो को भी झण्डा फहराने के प्रेरित कर रहें है। कई जगहों पर समूह बनाकर लोग दूसरों को तिरंगें झण्डे बांट भी रहे है। अमलीडीह की कल्पतरू सोसायटी में बाजे-गाजे के साथ घर-घर फहरा तिरंगा-रायपुर शहर के डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड की श्रीजी कल्पतरू सोसायटी में लोगों ने आज गाजे-बाजे के साथ घरों में तिरंगा झण्डा फहराया। सोसायटी के सदस्य समूह में ढोल बजाते हुए निकले और लोगों को तिरंगे झण्डे बांटे। सभी सदस्यों ने एक दूसरे को आजादी के अमृत महोत्सव की बधाई और शुभकामनाएं दी। आजादी के जयकारे लगाते हुए देश-भक्ति का माहौल बनाया। सोसायटी के सदस्यों ने पास ही के अमलीडीह गांव में जाकर ग्राम वासियों को भी झण्डे बांटे। सोसायटी के सदस्य एम.जे.सफी ने कहा कि देश-भक्ति के इस अभियान में सभी सदस्यों और नागरिकों की सहभागिता, देश के प्रति हमारे प्रेम और समर्पण को दर्शाती है, वहीं एक अन्य सदस्य संजय पाटिल ने बताया कि सुबह-सुबह जब ढोल-नगाड़े की आवाज कानों में पड़ी तो ऐसा लगा कि कॉलोनी में कोई उत्सव मनाया जा रहा है। सभी के घरों पर लहराते तिरंगों और लोगों के हाथों में तिरंगा झण्डा देखकर मन प्रसन्न हो गया। सोसायटी के ही अन्य सदस्यों वरूण गंजीर प्रमोद सुंदरानी, हिमांशु सहानी, दुश्यन्त ठाकुर, अब्राहम लुकास आदि ने भी आजादी के इस अमृत महोत्सव पर स्वतंत्रता सेनानियों और बलिदानियों को याद किया। सभी ने कहा कि यह उत्सव सभी भारतीयों द्वारा आजादी के लिए अपना सब कुछ बलिदान करने वाले शहीदों को सच्ची श्रद्धांजली है।

उल्लेखनीय है कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 11 से 17 अगस्त तक हमर तिरंगा अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत सभी नागरिकों को अपने-अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि आजादी के लिए किए गए सघर्ष और उसमें अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीदों की अमर गाथाओं से आज के पीढ़ी को अवगत कराया जा सके और आम लोगों में देश-भक्ति तथा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान की भावना बढ़े।

## मनोज मण्डावी करेंगे ध्वजारोहण

**भानुप्रतापपुर।** विधानसभा उपाध्यक्ष व स्थानीय विधायक मनोज सिंह मंडावी स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर भानुप्रतापपुर में ध्वजारोहण कर सलामी लेंगे, तथा इस अवसर पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मनोज सिंह मंडावी स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या को ही भानुप्रतापपुर में आ जाएंगे, और यही रात्रि विश्राम करेंगे। यह जानकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने दी।

## राजभवन में भारतीय सेना के गैलेन्ट्री अवार्ड विजेताओं के सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

# राज्यपाल उइके ने भारतीय सेना के वीरता पुरस्कार प्राप्त जवानों को किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजभवन में एण्टी नक्सल टास्क फोर्स रायपुर द्वारा भारतीय सेना के गैलेन्ट्री अवार्ड विजेताओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्यपाल अनुसुईया उइके ने देश के वीर जवानों और शहीदों को नमन एवं उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि इन जवानों के समर्पण, त्याग और बलिदान से ही हम अपनी आजादी का उत्सव मना रहे हैं। देश के जवानों का सम्मान उनके लिए अत्यंत गौरव की बात है। उन्होंने जवानों के परिजनों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की रक्षा में उनका योगदान महत्वपूर्ण है। उनके सहयोग, समर्पण, विश्वास एवं देश के प्रति अगाध प्रेम के कारण ही, हमारे जवान देश के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभा पाते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि जल, थल और गगन में हमारी सेनाओं की बढ़ती ताकत ने देश को विश्व पटल पर सामरिक रूप से मजबूत किया है। आजादी के बाद देश ने रक्षा क्षेत्र में अपनी क्षमता विकसित की और आज आत्मनिर्भर होने की ओर अग्रसर है। कठिन परिस्थितियों में सियाचीन से लेकर सागर के तटों तक हमारे जवान डटे रहते हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रति प्रेम ही हमारे जवानों के ऊर्जा का स्रोत है जिससे वे कठिन से कठिन परिस्थिति में भी बुलंद हौसलों के साथ देश की सीमा की सुरक्षा में सतर्क होकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेना



के जवानों ने देश के लिए ऑपरेशन विजय, ऑपरेशन मेघदूत, ऑपरेशन रक्षक जैसे कई महत्वपूर्ण अभियानों में अपनी भूमिका निभाई और लाखों सैनिकों ने भी देश की सेवा में अपने प्राणों की आहूति भी दी है। देश उनके बलिदान को कभी नहीं भूल पायेगा।

राज्यपाल ने कहा कि इस आजादी को पाने के लिए लाखों लोगों ने अपनी शहादत दी है। इस आजादी को बनाये रखने में भी हम सभी को पूर्ण रूप से समर्पित होना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में नक्सली घटनाओं में हमने अपने देश के कई वीर जवानों को खोया है। देश के आंतरिक सुरक्षा में जवानों की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि नक्सली गतिविधियों में घायल जवानों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने के साथ कई ऐसे अभियान हैं जिनमें वायु सेना के जवानों एवं अर्द्धसैनिक बलों का अमूल्य सहयोग छत्तीसगढ़ को मिल रहा है।

अग्निवीर योजना के संबंध में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आरंभ किए गए इस योजना से सेना में युवाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा । इससे बड़ी संख्या में युवाओं को देश की सेवा करने का अवसर प्राप्त होगा। इससे छत्तीसगढ़ के युवा भी लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर राज्यपाल उइके ने देश-प्रदेश के सभी लोगों से आग्रह किया कि जिस प्रकार सेना के जवान देश की सेवा और रक्षा करते हैं, हमें भी संविधान में उल्लेखित मौलिक कर्तव्यों का पालन करते हुए देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।

राज्यपाल उइके ने इस सम्मान समारोह में भारतीय सेना के वीर चक्र, शौर्य चक्र और सेना मेडल प्राप्त सेना के 11 जवानों एवं उनके परिजनों को सम्मानित किया। उन्होंने ग्रुप कैप्टन द्वय पंकज जायसवाल और मंजीत सिंह सिद्धू, सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर प्रनब कुमार लहरे, कर्नल सुदीप कुमार मिश्रा एवं एस. ई. पी. गणेश राम को सम्मानित किया। साथ ही मरणोपरांत वीरता पुरस्कार प्राप्त करने वाले जवानों लेफ्टिनेंट राजीव पाण्डेय, एन. के. कौशल यादव, कार्पोरल निलेश नयन, लेफ्टिनेंट पंकज विक्रम, एस. ई. पी. सुरजीत सिंह एवं एस. ई. पी. बलराम ध्रुव के सम्मान में उनके परिजनों को शाल और स्मृति चिन्ह भेंट किया। साथ ही इस अवसर पर राज्यपाल उइके ने मंच से उतरकर मरणोपरांत वीरता पुरस्कार प्राप्त करने वाले भारतीय सेना के जवान की माता से कुशलक्षेम पूछा एवं किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर सैनिक कल्याण बोर्ड को सहायता देने के निर्देश दिए।

# उल्लेखनीय उपलब्धि
## विक्रांत विमानवाहक पोत

**भारत** का स्वदेशी विमानवाहक पोत देश के तकनीकी ज्ञान तथा उसकी विनिर्माण क्षमताओं को प्रदर्शित करता है। भारतीय नौसेना को सार्वजनिक क्षेत्र के कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड-सीएसएल, कोची से पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत-आईएसी विक्रान्त मिला। इससे देश की रक्षा क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। द पायनियर की खबर के अनुसार, 'इस पोत के सभी अनिवार्य परीक्षण कर लिए गए हैं और अगले महीने इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नौसेना की सेवा में समर्पित करने की आशा है।' भारतीय नौसेना के नौसैनिक डिजाइन निदेशालय द्वारा डिजाइन व सीएसएल द्वारा निर्मित आईएसी पर लगभग 20,000 करोड़ खर्च हुआ है। परंपरा के अनुसार उसका नामकरण अपने वीर पूर्ववर्ती देश के प्रथम विमानवाहक पोत के नाम पर किया गया है जिसने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। उसने तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान की नाकेबंदी की थी जो अब बांग्लादेश बन गया है। खबर के अनुसार, '262 मीटर लंबे विमानवाहक पोत का भार 45,000 टन है जो अपने पूर्ववर्ती की तुलना में काफी बड़ा व ज्यादा परिष्कृत है। इस पोत का संचालन चार गैस टर्बाइनों द्वारा होता है जिनकी कुल क्षमता 88 मेगावाट है और उसकी अधिकतम गति 28 नाट है।' विक्रान्त 76 प्रतिशत स्वदेशी है और इस प्रकार वह सचमुच 'आत्मनिर्भर भारत' की सफलता का प्रमाण है। विक्रान्त का निर्माण सार्वजनिक-निजी साझेदारी का भी परिणाम है। इसके विनिर्माण में सीएसएल के साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र की भारत एलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड व भारत हैवी एलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड तथा किर्लोस्कर व लार्सन एंड ट्यूबरो जैसी निजी कंपनियां शामिल थीं।

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को यह तथ्य उजागर किया। फेडरेशन आफ इंडियन चैंबर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री-फिक्की तथा सेंटर फार ज्वाइंट वारफेयर स्टडीज़ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक सम्मेलन में उन्होंने कहा, 'हम क्रेता-विक्रेता के संबंध से आगे बढ़ कर आयुधों व आयुध प्रणालियों के विनिर्माण में अपने विदेशी सहयोगियों के साथ सह-विकास व सह-उत्पादन के चरण में आ गए हैं।' उन्होंने कहा कि खासकर रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने से हमारे हितों की सर्वोत्तम पूर्ति होती है क्योंकि आत्मनिर्भरता किसी देश की सैनिक क्षमता का प्रमुख आधार है। आईएसी विक्रान्त न केवल देश की तकनीकी क्षमता, बल्कि इसकी विनिर्माण क्षमताओं को भी रेखांकित करता है। भारत में वैज्ञानिकों, इंजीनियरों व अन्य तकनीक विशेषज्ञों की कोई कमी नहीं है। इसके साथ ही देश में बड़ी संख्या में शोध संस्थान मूल औद्योगिक व रक्षा शोध के काम में लगे हैं। भारत असंख्य उद्योगपतियों व जोश से भरे उद्यमियों का भी घर है। 1991 के पहले कठोर समाजवादी नियमों व कानूनों के अंधकारमय युग में भी उनका जोश पूरी तरह ठंडा नहीं हुआ था। उन्होंने आईएसी विक्रान्त तथा विनिर्माण संबंधी अन्य रक्षा परियोजनाओं की सफलता के माध्यम से अपनी क्षमता प्रदर्शित कर दी है। ऐसे में कोई कारण नहीं है कि वे देश में सामान्य रूप से विनिर्माण को बढ़ावा देकर आयातों पर हमारी निर्भरता घटा सकते हैं। अतीत में मोदी सरकार ने ऐसा परिस्थितिकी तंत्र बनाने में बहुत परिश्रम किया है जिसमें रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की ज्यादा सहभागिता हो। वह यही काम औद्योगिक वृद्धि को तेज गति देने के लिए भी कर सकते हैं। समय की आवश्यकता है कि उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से ज्यादा संवाद हो तथा सरकार सभी स्तरों-केन्द्र, राज्य व स्थानीय स्तर पर समुचित प्रतिक्रिया करे। आईएसी विक्रान्त निश्चित रूप से अच्छी खबर है जिसे और बेहतर बनाया जा सकता है।

# नई शिक्षा नीति : क्रियान्वयन महत्वपूर्ण

**यदि नई शिक्षा नीति 2020 को सच्ची भावना से क्रियान्वयन हो तो यह शिक्षा के माध्यम से कौशल-आधारित समाज बनाने में सहायक हो सकती है।**



**अन्नपूर्णा नौटियाल**
(लेखिका गढ़वाल विश्वविद्यालय की कुलपति हैं)



संस्कृति, परंपरागत व्यवहारों व ज्ञान के शहर वाराणसी में तीन-दिवसीय अखिल भारतीय शिक्षा समागम का आयोजन हुआ। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की दिशा में कठोर परिश्रम करने की प्रतिबद्धता प्रकट की गई जिसमें विस्तृत समझदारी तथा सभी बिंदुओं का क्रियान्वयन शामिल है। वास्तव में यह कार्यशाला का उच्चतम स्तर था जहां विभिन्न क्षेत्रों के शिक्षाविदों ने न केवल प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक समन्वय की दिशा में आगे बढ़ने की प्रतिबद्धता प्रकट की, बल्कि उन्होंने संस्कृतियों, परंपराओं, भाषाओं व पाठ्यक्रमों की विविधता बनाए रखने की बात भी कही। उन्होंने बदलते शिक्षा परिवेश तथा वैश्विक आयामों व रैंकिंग ढांचे में इसके सामान्यीकरण के बारे में विभिन्न विचारों का परिचय भी प्राप्त किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने उद्घाटन भाषण से समागम की दिशा निर्धारित कर दी। उन्होंने एनईपी 2020 की आवश्यकतानुसार शिक्षा तक पहुंच, समानता, समावेश, उचित कीमत तथा छात्रों में आलोचनात्मक व रचनात्मक क्षमता बनाने को रेखांकित किया।

उन्होंने शिक्षा के हर क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता तथा प्रगति पर जोर दिया जिसमें अनेक बार प्रवेश व निकास, बहुविषयी व बहुभाषी शिक्षा, अकादमिक क्रेडिट बैंक, डिजिटल शिक्षा तथा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से जुड़ाव व सहयोग शामिल हैं। इस प्रकार सभी शिक्षा संस्थान अपने संकुचित खांचों से बाहर निकल कर छात्रों को बहु-प्रतीक्षित शैक्षिक विविधता उपलब्ध कराएंगे और इस प्रकार एकआयामी शिक्षा व्यवस्था में बदलाव आएगा। इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए उन्होंने निश्चित रूप से शिक्षाविदों व उनके दृष्टिकोण पर जिम्मेदारी डाली कि वे अपने-अपने शिक्षा संस्थानों में एनईपी क्रियान्वयन का परिवेश बनाएं तथा परिवर्तन के वाहक बनें।

प्रधानमंत्री मोदी ने समग्र शिक्षा की दिशा में काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया जिससे शिक्षा संस्थान 'शिक्षा से शोध तक, विद्या से बोध तक तथा परिणाम से प्रमाण तक' जाएंगे। वैश्विक शिक्षा परिदृश्य में सकारात्मक प्रवेश से भारत की उपस्थिति मजबूत करने की दिशा में उन्होंने जोद दिया कि हमारा उद्देश्य 'अतीत से आधुनिकता की ओर' होना चाहिए। यह संदेश स्पष्ट था कि यदि हमारे शिक्षा संस्थान विभिन्न पक्षों की उम्मीदें पूरी करने या पुरानी मानसिकता बदलने या युवा पीढ़ी को वर्तमान युग की चुनौतियों के अनुरूप कुशल बनाने में विफल रहे तो एनईपी 2020 के लक्ष्य पूरे नहीं होंगे। इसके लिए शिक्षा को अनिवार्य रूप से शोध, खोच व खोजी व्यवहारों को शिक्षण व सीखने में शामिल करना होगा। इससे न केवल अच्छे परिणाम मिलेंगे, बल्कि मानव कल्याण के लिए शोध का उपयोग स्पष्ट करेंगे। एनईपी 2020 ने राष्ट्रीय शोध संस्थान स्थापित करने का लक्ष्य बनाया है जो मानविकी व सामाजिक विज्ञानों के सभी विषयों में अच्छी गुणवत्ता वाले शोध को प्रोत्साहन देंगे क्योंकि यह किसी सभ्य समाज की रीढ़ की हड्डी है।

यदि शोध मानव-केन्द्रित नहीं होगी तो शिक्षा का उद्देश्य विफल होगा। एनईपी का लक्ष्य भी शिक्षा के पूरे परिदृश्य में गुणात्मक परिवर्तन लाना है, जबकि अच्छे शोध के माध्यम से मानव संसाधन विकास बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री ने सलाह दी कि ज्ञान व

> यदि शोध मानव-केन्द्रित नहीं होगी तो शिक्षा का उद्देश्य विफल होगा। एनईपी का लक्ष्य भी शिक्षा के पूरे परिदृश्य में गुणात्मक परिवर्तन लाना है, जबकि अच्छे शोध के माध्यम से मानव संसाधन विकास बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री ने सलाह दी कि ज्ञान व तकनीक के इस युग में विश्वविद्यालयों को डिजिटल विभाजन पाटने का प्रयास करना चाहिए।

तकनीक के इस युग में विश्वविद्यालयों को डिजिटल विभाजन पाटने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए युवाओं को सही मंच प्रदान करना तथा इंटरनेट आदि विभिन्न डिजिटल माध्यमों से ज्यादा ज्ञान देना जरूरी है। यहां भी जिम्मेदारी शिक्षाविदों के कंधों पर है कि वे ऐसा ज्ञान प्रदान करें जो नया हो तथा खोजी विधियों से छात्रों तक पहुंचाया जाए ताकि वे बिना किसी बोझ के आनन्दपूर्वक इसे प्राप्त कर सकें। इस दृष्टिकोण से पूरी शिक्षा परिस्थितिकी बदलने का लक्ष्य है जिसकी पैरवी एनईपी बहुत मजबूती से करती है। प्रधानमंत्री ने रोजगार मांगने वालों के बजाय बड़ी संख्या में रोजगार देने वाले तैयार करना है। इससे कौशल-आधारित ज्ञान तथा सीखने के व्यवहारों का महत्व सामने आता है जिसका अर्थ केवल परीक्षाओं के पहले पाठ्यक्रम पूरा करने के बजाय शिक्षा में व्यावहारिक कौशल व पढ़ने के दौरान प्रशिक्षण देना है। वास्तव में नौजवानों को विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्रदान करना है। इन क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धि-एआई, मशीन लर्निंग, डिजिटल संप्रेषण, बहुभाषी संचार, कृषि-परिस्थितिकी उत्पाद, आर्गेनिक खेती, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन प्रभावों से निपटना, भारतीय ज्ञान व्यवस्था तथा अनेक ऐसे क्षेत्र शामिल हैं जिनकी वर्तमान समय में मांग है। इनको न केवल हर संस्थान के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए, बल्कि समयानुकूल अद्यतन बनाना भी जरूरी है।

राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से सहयोग हर शिक्षा संस्थान को अवसर देता है कि वह अपने लिए मजबूत क्षेत्र तैयार कर सके। प्रधानमंत्री ने सचेत किया कि 'जनसंख्या लाभांश' हमेशा के लिए लाभदायक नहीं रह सकता है। इसलिए वर्तमान समय इसका लाभ उठाने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है। शिक्षकों को इस जनसंख्या लाभांश का लाभ उठाने के लिए नौजवानों को पोषित करने के साथ ही उनकी निगरानी, संरक्षण व अभिप्रेरणा प्रदान करनी होगी। इसके लिए छात्रों में कौशल विकास के लिए कौशल-उन्मुखी शिक्षा पर जोर देना होगा। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता के लिए भी ऐसे संरक्षण तथा सोद्देश्य विचार-विमर्श की आवश्यकता है। इसके लिए संस्थानों के बीच सहयोग व संबंध विकसित करना जरूरी है। इस दिशा में सभी संस्थानों द्वारा सर्वोत्तम व्यवहारों का साझा भी महत्वपूर्ण है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान द्वारा अनेक 'एकलव्य' पैदा करने का आह्वान भी इस दृष्टिकोण से बहुत सार्थक व महत्वपूर्ण है। जब शिक्षा संस्थानों का संचालन ऐसे सक्षम व ज्ञानवान गुरुओं-शिक्षाविदों द्वारा किया जाएगा तो एकलव्य जैसे शिष्यों को बड़ी संख्या में तैयार करना कठिन नहीं होगा। आधुनिक युग के एकलव्यों की ऐसी शक्ति से भारत नई शिक्षा नीति की चुनौतयों से निपटने तथा इस क्षेत्र में गहन प्रतियोगिता पैदा करने में सफल होगा। भारतीय शिक्षा व्यवस्था के लिए एनईपी 2020 एक क्रांतिकारी दस्तावेज है जो जाति, नस्ल, धर्म, भाषा व क्षेत्रीय भिन्नताओं के बावजूद समन्वय व समावेशन की पैरवी करता है, बल्कि वह लक्ष्योन्मुख व केन्द्रित है।

वाराणसी के आयोजन में हुई चर्चा व कथन स्पष्ट रूप से सच्ची भावना से एनईपी के क्रियान्वयन पर जोर देते हैं। सभी केन्द्रीय विश्वविद्यालयों व कुछ राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कामन युनिवर्सिटी इंट्रेंस टेस्ट-सीयूईटी एक अच्छी शुरुआत है। इससे शिक्षा में पहुंच, समानता, उचित मूल्य व समावेशन के मुद्दों को संबोधित करने में सहायता मिलेगी। लेकिन शिक्षा संस्थानों की विविध परिस्थितियों को एक ही मंच पर लाना एनईपी 2020 के क्रियान्वयन में बड़ी व वास्तविक चुनौती है। एक और महत्वपूर्ण चुनौती हिंदी व मातृ भाषाओं में तेजी से गुणवत्तापूर्ण पाठ्यपुस्तकें तैयार करना है क्योंकि इनके बिना मातृभाषाओं में शिक्षण का एनईपी का उद्देश्य पूरा नहीं होगा। इसके लिए यूरोपीय या एशियाई विश्वविद्यालयों से प्रेरणा प्राप्त करनी होगी जहां हमेशा शिक्षा मातृ भाषा में दी जाती है। दूरदर्शी नेताओं तथा शिक्षाविदों की कमी भी परिणामोन्मुख एनईपी के क्रियान्वयन में बड़ी बाधा हो सकती है। एनईपी के समुचित क्रियान्वयन में कथनी के बजाय करनी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि इसके असली प्रभाव केवल निकट भविष्य में ही दिखेंगे।

# आज़ादी की हिफाज़त है ईबादत

**विजय मिश्रा अमित**
पूर्व अति. महाप्रबंधक (जन)



भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास बताता है कि 15 अगस्त 1947 के पूर्व अंग्रेज़ों की दमनकारी नीतियों और बढ़ते अत्याचारों के सामने जनसाधारण दासत्व में जीने को विवश हो चला था। नारकीय जिंदगी जीते दिन में भी अहसास होता था अंधियारी रात का,किंतु 1857 की क्रांति के साथ ही अत्याचार का घड़ा तोड़ने गूंज उठा यह स्वर-

**उठो जवानों नाम मिटा दो पापी-शैतान का**
**अंग्रेज़ों के सीने में गाड़ो**
**झण्डा हिन्दुस्तान का।**

ऐसे दौर में अंग्रेज़ों के विरूद्ध विद्रोह की मशाल लेकर मां भारती के अनेक लाल शहीद हो गए।उनके त्याग बलिदान से मिली आज़ादी के पर्व पर खुले आसमान में लहराते तिरंगा तले जय हिन्द, भारत माता की जय का उद्घोष जनमन को आज भावविभोर कर देता है।देशभक्ति से सराबोर करता हुआ गर्व का पर्व है स्वतंत्रता दिवस।

15अगस्त ऐसा ऐतिहासिक दिवस है,जो अनेक अर्थों में हरेक भारतीय के लिए आत्मविश्लेषण - आत्मचिंतन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यही वजह है कि इस दिवस पर आज़ादी के पूर्व और बाद के चित्र'अतीत से अद्यतन' की चर्चा विविध माध्यमों से की जाती है।देश भर के वीर-वीरांगनाओं के त्याग समर्पण को नमन् किया जाता है।सूर्योदय से सूर्यास्त तक धरती से आकाश तक यही आवाज़ गूंजती है-

यही पूजा सुबह- शाम कर लें, देश के अमर शहीदों को बस प्रणाम कर लें।

अमर शहीदों का स्मरण करते हुए इस दिवस पर सर्वधर्म समभाव को भी बनाए रखने का संकल्प लेना है। यही वो शक्ति रही जिसके बूते देश को परतंत्रता की बेड़ी से मुक्त करने में कामयाबी मिली।

**छत्तीसगढ़ महतारी के रणबांकुरे**



आजादी की पच्छत्तरवीं सालगिरह के मौके पर छत्तीसगढ़ के बलिदानी सपूतों का उल्लेख करना गर्व का विषय होगा।इतिहास साक्षी है कि आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ में 1857 के तैंतीस वर्ष पूर्व ही अर्थात 1824 में ही वीर आदिवासी सपूतों ने फिरंगियों के खिलाफ़ जंगछेड़ दी थी। सुराज के लिए स्वंत्रता संग्राम के यज्ञ में अपना सर्वस्व होम कर देने वाले आदिवासी सेनानियों की हुंकार से ताकतवर अंग्रेज हुकुमत थर थर कांपती थी।

ऐसे पारंपरिक शौर्य का प्रदर्शन करने वालों में वीर गेंदसिंह, गुंडाधुर,इंदरू केवट,वीर नारायण सिंह,राजा भेरम देव आदि शामिल हैं।उन दिनों सोना खान के सपूत नारायण सिंह का शौर्य और साहस जनगीत बनकर गुंजता था-

**परन ठान के, कफन बांध के भारत मां के करीन बिचार, गरजिस बघवा वीर नारायण, लिन तलवार निकाल।**

**वीरांगनाओं की धरा छत्तीसगढ़**

आदिवासी समाज की तरह फिरंगियों के राज को नेस्तनाबूत करने के लिए यहॉ की अनेक वीरांगनाओं ने भी ब्रिटिश हुकुमत की ईंट से ईंट बजा दी थी।ि जनमें शामिल डॉ.राधाबाई,रोहणी बाई परगनिहा, केतकी बाई, बेला बाई, फुलकुंवर बाई और मिनाक्षी देवी (मिनीमाता) की राष्ट्रवादी भावना के आगे अंग्रेजों के नापाक ईरादे ताश के पत्तों से बने मीनार की भांति भरभरा कर गिरते-टूटते थे। वीरांगनाओं के भीतर कूट कूट कर भरी देशभक्ति के आगे अंग्रेजों को हार माननी पड़ी। अन्ततः पराधीनता की बेड़ियों से मॉ भारती को मुक्ति मिली।

**आज़ादी की हिफाज़त है ईबादत**

स्वतंत्र भारत में आज तक जो कुछ भी अर्जित किया गया है,वह प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से तीन सौ वर्षों की गुलामी की भीषण पीड़ा सहे वीर पूर्वजों की देन है।इस नाते सदैव यह स्मरण रखना होगा कि विरासत में मिली आज़ादी की पूंजी खैरात की नहीं है। यह कठोर तपस्या से तैयार की गई फसल से उपजी पूंजी है। किसी भी क़ीमत पर इसकी हिफाज़त करने के लिए हर हिन्दुस्तानी को तत्पर रहना होगा।

याद रखें आज़ादी की हिफाज़त भी एक इबादत है,अतः स्वाधीनता के अमृत महोत्सव पर एक नया संकल्प लें कि अपने घर की दीवार को कम से कम एक महान पराक्रमी की तस्वीर से सुसज्जित करेंगें। यह पहल आत्मसुख-संतोष देगी।साथ ही साथ नई पीढ़ी के मानस पटल पर देशभक्ति की भावना का बीजारोपण करने में अवश्य कारगर होगी। आज़ादी के अमृत महोत्सव को अविस्मरणीय बनाने घर पर एक तिरंगा और एक महान सपूत की तस्वीर लगाने की पहल करें। जयहिंद।

## फरमाया



हमारा संकल्प है कि वर्ष 2047 तक हम अपने स्वाधीनता सेनानियों के सपनों को पूरी तरह साकार कर लेंगे।

**-द्रोपदी मुर्मू**
राष्ट्रपति



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत के स्वतंत्रता सेनानियों और आधुनिक भारत के निर्माणकर्ताओं को याद करने का अवसर है।

**जगदीप धनखड़,**
उपराष्ट्रपति



'अग्निवीर योजना' का क्रियान्वयन भी सैन्य सुधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-राजनाथ सिंह**
रक्षामंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## दहशतगर्दी के पीछे पाक वर्दी

**यह** नारा आज पाकिस्तान के गुलाम कश्मीर में गली-गली में गूंज रहा है एवं कश्मीरी वहां पाकिस्तानी सेना के जुल्मों सितम का शिकार हो रहा है। मगर आज भारत का कश्मीर जिस तरह से तिरंगे को लेकर खुशियां मना रहा है वह आज पाकिस्तान को हजम नहीं हो रहा है आज हमारे कश्मीर में दोहरी नागरिकता वाला नियम भी काफी समय पहले खत्म हो चुका है एवं पूरे देश में एक समान नागरिकता है मगर आज गुलाम कश्मीर में नागरिक पाकिस्तानी सेना के जूतों के नीचे कराह रहा है। पाकिस्तानी पत्रकार उमर अलताफ हमेशा भारत के टीवी चैनलों पर आकर भारतीय कश्मीर की बुराई करते हैं, परंतु अपने कश्मीर में हो रही ज्यादतीयों की कोई बात नहीं करते जबकि आज जिस भारतीय कश्मीर के लाल चौक पर दो-तीन साल पहले कोई तिरंगा तक नहीं फहरा सकता था, आज वहां धारा 370 के हटने के 3 साल होने के बाद आज उसी लाल चौक पर बच्चा-बच्चा तिरंगा लहराना चाहता है एवं यह मान कर चलिए के इस बार का 15 अगस्त भी वहां भारतीय कश्मीर घाटी में बहुत शानदार ढंग से तिरंगा झंडा लहराने वाली है, फहराने वाली है। और वहां गुलाम कश्मीर में पाक सेना का कहर, आतंक कम नहीं हो रहा है।

**- मनमोहन राजावत, शाजापुर**

## डाटा संरक्षण विधेयक वापस

**अभी** हाल ही में भारत सरकार ने संसद से व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक वापस ले लिया है क्योंकि यह विधेयक देश में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए ऑनलाइन स्थानों को विनियमित करने हेतु व्यापक कानूनी ढांचे पर विचार करता है। इसके साथ-साथ इस डेटा संरक्षण विधेयक से संबंधित बहुत सारी चुनौतियां हमारे सामने हैं कई लोगों का तर्क है कि डाटा का भौतिक स्थान साइबर दुनिया में प्रासंगिक नहीं है क्योंकि एंक्रिप्शन कुंजी अभी भी राष्ट्रीय एजेंसियों की पहुंच से बाहर हो सकती है। फेसबुक और गूगल जैसी बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां इसके खिलाफ हैं और उन्होंने डाटा स्थानीयकरण की संरक्षणवाद की नीति की आलोचना की है क्योंकि उन्हें इस बात का डर है कि इसका अन्य देशों पर भी प्रभाव पड़ेगा। हालांकि इस विधेयक को वापस लेने के बहुत सारे कारण हैं जैसे कि डाटा स्थानीयकरण के मुद्दे एवं हितधारकों की नकारात्मक प्रतिक्रिया। इसके लिए हमें कई प्रयास करने होंगे जैसे कि डाटा को ऐसे रूप में संग्रहित किया जाना चाहिए जिस पर भारत सरकार का भरोसा हो और यह डाटा अपराध की जांच के मामले में सुलभ होना चाहिए।

**- सुदर्शन सोराड़ी, चंपावत**

## चीन की हेकड़ी

**ताइवान** के पास जो विशेषताएं हैं वे विशेषताएं चीन के लिए सबककारी होंगी? चीन से आकार-प्रकार में छोटा जरूर है, आबादी के मामले में चीन से बहुत छोटा जरूर है परन्तु ताइवान के सैनिक दक्ष और भौगोलिक स्थितियों से परिचित और प्रशिक्षित हैं। ताइवान के पास छोटे हथियारों का एक मजबूत जखीरा है। ताइवान की पहली प्राथमिकता चीनी हमलों से अपने नागरिकों के जीवन की सुरक्षा करना है। चीन ताइवान के चारो तरफ सैनिक अभ्यास कर रहा है। चीन के सैनिक अभ्यास के कारण अंतरराष्ट्रीय वायु और समुद्र यातायात प्रभावित है। चीन ताइवान को हड़पने के चक्कर में अपना भी नुकसान कर सकता है, चीन के तथाकथित आधुनिक हथियारों की मारक क्षमता की पोल खुल सकती है, क्योंकि दशकों से चीनी सेना ने कोई युद्ध लड़ा ही नही है। परन्तु चीन की युद्धक मानसिकता का दुष्परिणाम दुनिया को भी भुगतना पड़ेगा क्योंकि युद्ध की स्तिथि में खाद्य और तेल समस्या बढ़ेगी। किसी भी परिस्थिति में चीन की युद्धक मानसिकता की गर्दन मरोड़नी ही होगी।

**- परमवीर केसरी, मेरठ**

# देश की सुरक्षा के लिए शहीदों ने अपना सब कुछ न्यौछावर किया : मुख्यमंत्री भूपेश

## ‘हमर तिरंगा’ कार्यक्रम के अंतर्गत शहीदों के परिजनों का मुख्यमंत्री ने किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




शहीदों के परिजनों का सम्मान करना हम सबके लिए भावुक क्षण होता है वहीं हमें उनकी शहादत पर गर्व भी है। हमारे जवानों ने अपने परिवार की चिंता किये बगैर देश की सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित शहीदों के परिजनों का सम्मान करते हुए कहीं। आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को राजधानी समेत राज्य के सभी जिलों में ‘हमर तिरंगा’ कार्यक्रम के अंतर्गत शहीदों के परिजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीदों ने कर्तव्यपथ पर अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया, ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि उनके परिजनों का ख्याल रखें। उन्होंने परिजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है, आप सब हमारे परिवार का हिस्सा हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित शहीदों के परिजनों को उनके पास जाकर शॉल, श्रीफल और तिरंगा देकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम में राजनांदगांव के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक शहीद वी.के. चौबे, शहीद मेजर सत्यप्रदीप दत्ता, शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भास्कर दीवान, शहीद प्रधान आरक्षक हीरा सिंह निषाद, शहीद लेफ्टिनेंट पंकज विक्रम, शहीद निरीक्षक दुष्यंत सिंह, शहीद उपनिरीक्षक युगल किशोर वर्मा, शहीद सहायक उपनिरीक्षक कौशलेश सिंह, शहीद चिरंजीव बघेल, शहीद प्रधान आरक्षक संजय यादव, शहीद आरक्षक रामकुमार साहू, शहीद लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित, शहीद आरक्षक वेदप्रकाश यादव, शहीद लेफ्टिनेंट राजीव पांडेय, शहीद प्रधान आरक्षक प्रफुल्ल शुक्ला, शहीद आरक्षक झाडूराम वर्मा, शहीद आरक्षक खिलानंद साहू और शहीद आरक्षक धनराज मोटघरे के परिजनों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, विधायक सत्यनाराण शर्मा, धनेन्द्र साहू, अमितेष शुक्ला, अनिता योगेन्द्र शर्मा, मेयर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, एसएसपी प्रशांत अग्रवाल उपस्थित रहे।

# उन वीरों को कोटी-कोटी नमन जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपनी प्राणों की आहुती दी : डॉ. चरणदास महंत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



पुलिस प्रशासन द्वारा आयोजित हमर तिरंगा कार्यक्रम में शहीदो के परिवारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता व छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत ने मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए कहा कि आज शहीद परिवार का सम्मान करने का दिन है। उन वीरों को कोटी कोटी नमन जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी और देश को आजाद कराया। उन्होंने कहा कि जो शहीद परिवार आज यहां उपस्थित है उनकी आंखो में गर्व दिखाई दे रहा है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को स्वतंत्रता संग्राम के महत्व के बारे में बताया कि आजादी कैसे मिली, कैसे इसको सहज कर रखना होगा। अमृत महोत्सव के माध्यम से भारत माता की रक्षा करने वाले सैनिको, देश को आजादी दिलाने वाले महापुरुषों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को स्मरण कर हम उन्हे सच्ची श्रद्धांजलि दे रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने स्वर्गीय मिनीमाता को स्मरण करते हुए बताया कि उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और गरीबों के हित में उल्लेखनीय कार्य किए। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के 75 वर्षगांठ पर सभी शहीदों के परिवारों को साल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग के अध्यक्ष राजेरामसुन्दर दास महंत ने की। उन्होंने कहा कि ऐसे परिवारों को सम्मानित हम स्वयं गौरन्वित महसूस कर रहे हैं। वीर सैनिकों के बलिदानों से हम स्वतंत्रता की सांस ले रहे है। मै प्रदेश सरकार के प्रति साधुवाद देता हुं। उन्होंने शहीदों के परिवारों के सहानुभूति व्यक्त की और कहा कि हम सब का दायित्व है कि उनके योगदान को हमेशा स्मरण रखे। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि जांजगीर-चांपा जिला देश के नवनिर्माण में अपनी भूमिका निभा रहा है। यह क्षेत्र शुरू से स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान और सर्वोच्च बलिदान देता रहा है। उन्होंने बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल का स्मरण करते हुए कहा उनके नेतृत्व में क्षेत्र के लोगो ने स्वतंत्रता संग्राम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# हर घर तिरंगा यात्रा अभियान को सफल बनाने झंडा का वितरण किया गया



पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा यात्रा अभियान को सफल बनाने एवं ग्रामीण नागरिकों में देशभक्ति की भावना जागृत कर उन्हें अपने अपने घरों पर 15 अगस्त के दिन तिरंगा फहराने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी तिल्दा-नेवरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भागबली साहू के नेतृत्व में व अन्य भाजपा कार्यकताओं की उपस्थिति में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा,घर घर तिरंगा के नारे लगाकर झंडा का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम तुलसी नेवरा,सिरवे, बरतोरी, ताराशिंव, छतौद, खुड़मुड़ी, भिंभौरी, सरारीडीह, टोहड़ा, देवरी, घुलघुल,व ग्राम कोंहका में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पुर्व मंडल अध्यक्ष नरसिंग वर्मा, भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री टेकराम यादव, भाजपा जिला किसान मोर्चा महामंत्री राजेश बंछोर, भाजपा ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष फाल्गो राम वर्मा, भाजपा ग्रामीण किसान मोर्चा अध्यक्ष विजय ठाकुर, युवा मोर्चा महामंत्री द्वय दिपक वर्मा, आशिष मढ़रिया, जनपद सदस्य संतोषी मनहरण वर्मा,भाजपा ग्रामीण मंत्री खेमीन वर्मा, तेजराम वर्मा,कुमारी वर्मा,डागेश साहू, रेवाराम धींवर , बसंत वर्मा,सोहन वर्मा, गोपाल वर्मा, हुकुम सिंह निषाद, डॉ आर के वर्मा,आदि कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# घरघोड़ा के ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से चल रहा खुड़खुड़िया का खेल

■ अंधेरा होते ही सजने लगती है खुड़खुड़िया की महफिल

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



सुदूर ग्रामीण अंचलों में इन दिनों खुड़खुड़िया नामक जुआ की खुलेआम खेले जाने की जानकारी लगातार मिल रही है, तथा जुआ संचालन को लेकर प्राथमिकता से खबर भी प्रकाशित की गई थी। बावजूद घरघोड़ा के दूरस्थ अंचल तमनार लैलूंगा के आसपास ग्रामीण अंचलों में अब भी खुड़खुड़िया पट्टी का खेल बदस्तूर जारी है! इसी कड़ी में अब खुड़खुड़िया खेलते हुए 2 दर्जन से अधिक लोगो का फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होने लगी है। हालांकि खुड़खुड़िया खेल की फोटो वीडियो पहली दफा वायरल नहीं हुई इससे पहले फोटो वीडियो ने सुर्खियां बटोरी थी।

ताजा मामला शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात की बताई जा रही है. वीडियो में 2 दर्जन से अधिक लोग खुड़खुड़िया जुआ खेलते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में जुआरी की सुविधा के लिए रात के अंधेरे में बकायदा एलपीजी गैस के हाइलोजन के चकाचैंध रोशनी की भी व्यवस्था की गई है। जुआरियों को जमीन पर बैठने के लिए दरी बिछी हुई है और बरसात कि पानी से बचाने के लिए जुआ खेल संचालन स्थल के ऊपर त्रिपाल भी लगाए हैं! वायरल वीडियो ग्राम केराखोल कब बताया जा रहा है। यहां खुड़खुड़िया जुआ किसी जनप्रतिनिधि के द्वारा संचालित करने की जानकारी मिल रही है! इन सारी व्यवस्थाओं को देखकर ही अंदाज लगा सकते हैं कि खुड़खुड़िया जुआ यहां कितने बड़े पैमाने पर चल रहा होगा और जुआ संचालन करने वालों के साथ गांठ कहां तक है? दूरस्थ अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों खुड़खुड़िया जुआ खुलेआम संचालन किया जा रहा है, ग्रामीण अंचलों में लगभग प्रतिदिन स्थान बदल बदल कर खुड़खुड़िया जुआ पट्टी का फड़ बैठाया जा रहा है, जुआ संचालक और जुआरियों के लिए रात का अंधेरा तो सिर्फ नाम के लिए होता है असल में रात के अंधेरे में ही जुआरियो की बड़ी महफिल सजती है, जो कि एलपीजी गैस के हाइलोजन की रोशनी में संचालित होती है। खुड़खुड़िया के जुए की फड़ पर अलग-अलग क्षेत्रों से प्रतिदिन दो से तीन दर्जन जुआरी अपनी किस्मत आजमाने के लिए इस खुड़खुड़िया के महफिल में शामिल होते हैं और रात भर जुआरी दांव लगाते हैं। क्षेत्र में लंबे समय से खुड़खुड़िया खेल बदस्तूर जारी है, बड़े पैमाने पर जुआरी खुड़खुड़िया जुआ के महफिल में दांव लगाने पहुंच रहे हैं और धड़ल्ले से जुआ का संचालन हो रहा है।

बहरहाल जहां एक ओर तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के नेतृत्व में अपराधियों पर लगाम लगाने लगातार चोरी, डकैती, हत्या जैसी संगीन अपराध के आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज रही है तथा पुलिसिंग कसावट लाने के लिए कई थानों की सर्जरी भी समय-समय पर करते आ रहे हैं. वहीं दूसरी ओर वायरल वीडियो से पुलिस विभाग की छवि धूमिल हो रही है और विभाग की साख को बट्टा लगाने का काम किया है! पुलिस प्रशासन द्वारा उपरोक्त मामले को संज्ञान में लेकर क्षेत्र में चल रहे खुड़खुड़िया फड़ के अवैध संचालन पर लगाम लगानी चाहिए , खबर प्रकाशन के बाद यह देखना लाजिमी होगा कि खुड़खुड़िया संचालन की गतिविधियां बंद होगी या पूर्व की भांति वीडियो वायरल होने के बाद भी संचालन होता रहेगा।

> खुड़खुड़िया खेलते हुए कुछ लोगों की वीडियो मिली है, लेकिन वीडियो कब और किस गांव की है अभी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है, वायरल वीडियो के आधार पर जांच की जाएगी. तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी!
>
> **-दीपक मिश्रा,** सीएसपी एसपी

# एक ही परिवार के तीन लोगो की करंट की चपेट में आने से हुई दर्दनाक मौत





**सिमगा।** सिमगा थाना क्षेत्र के ग्राम दामाखेड़ा में देवांगन परिवार की महिला कमलेश्वरी देवांगन पति देवेन्द्र देवांगन उम्र 36 वर्ष अपने घर के आँगन में लगे लोहे के तार पर कपड़े सुखा रही थी तभी वह करेंट की चपेट में आ गई जिसे देखकर उसका पुत्र शेषकुमार देवांगन उम्र 14 वर्ष अपनी मां को बचाने दौड़ पड़ा जिससे वह भी करेंट की चपेट में आ गया । वहीं मां और भाई को करेंट की चपेट में देखकर बहन जया देवांगन उम्र 12 वर्ष भी उन्हें बचाने दौड़ी परंतु वह भी करेंट की चपेट में आ गई । उस समय घर में कोई बड़ा सदस्य नहीं था घटना की जानकारी जब लगी तब जब घर के बाकी सदस्य अपने कार्य घर लौटे घटना की जानकारी होने पर थाना सिमगा सूचना दिया गया जहां पंथ गृन्धमुनि नाम साहेब अस्पताल के एम्बुलेंस में उपचार हेतु शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां डॉक्टर ने जांच उपरांत तीनों को मृत घोषित किया वहीं तीनों पा पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है

# भाजपा कांकेर ग्रामीण मंडल द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ दसपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी कांकेर ग्रामीण मंडल के द्वारा 13 से 15 अगस्त के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत बागोडार नवापारा तिरंगा यात्रा निकालकर गांव में भ्रमण किया गया। कार्यकर्ताओं के द्वारा भारत माता की जय वंदे मातरम कि नारे लगाते हुए गांव में तिरंगा यात्रा निकालकर एकजुटता और देशभक्ति की संदेश दिया गया। इस अवसर पर सभी ग्रामीणों ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ तिरंगा यात्रा निकालने में शामिल हुए इस अवसर पर कांकेर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नारायण पोटाई, महामंत्री विजय साहू, महामंत्री प्रकाश निषाद, जिला किसान मोर्चा चंद्र प्रकाश ठाकुर, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष आसाराम नेताम, मंडल मंत्री द्वारका साहू, मंडल उपाध्यक्ष कमलेश उसेंडी, युवा मोर्चा महामंत्री मनोज यादव, ग्रामीण मंडल आईटी सेल प्रभारी दशरथ साहू, सांसद प्रतिनिधि ईश्वर सिंह, उमाकांत सिन्हा, कृष्णा देवी सिन्हा, भानु नेताम, शंकर लाल जैन, रवि शंकर जैन, कन्हैया साहू, संजय पटेल, वीरेंद्र साहू, संत कुंजाम, सामंत नेताम, गोकुल राम पटेल, महेश यादव, रमेश जैन, धनेश साहू, पितांबर साहू, लक्ष्मण साहू, चमरू राम जैन, प्यारी यादव, बिरजू राम साहू, मनु मंडावी, प्रदीप कुमार साहू, जेठू राम साहू, सुरेंद्र साहू, ध्यान राम सिन्हा, प्रवेश कुमार सिन्हा सहित कार्यक्रम में सभी ग्रामीणों एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हर घर झंडा कार्यक्रम के तहत 11 से 17 तक फहराया जाएगा तिरंगा

